तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया


अमेरी फाटक के पास अधूरा नाला निर्माण किया गया है। इसकी वहज से यहां रोज जाम लगता है।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति : छात्र-छात्राएं 30 तक करें पंजीयन

**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा तीसरी से आठवीं तक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को पात्रता अनुसार पंजीयन व नवीनीकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में 30 जुलाई शाम 5 बजे तक पंजीयन कराना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी प्राचार्यों, प्रधान पाठकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को तय तारीख तक पात्र विद्यार्थियों के पोर्टल में पंजीयन एवं नवीनीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### अग्निवीर वायु सैनिक भर्ती, आवेदन 28 तक

**बिलासपुर।** वायु सेना में अग्नि वीर की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इसके लिए युवाओं की जन्मतिथि 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच होनी चाहिए। इच्छुक युवक-युवती अग्निवीर वायु सैनिक के लिए 28 जुलाई को रात्रि 11 बजे तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर को होगी। पंजीकरण के लिए पोर्टल अग्निपथ वायुसीडीएसी डॉट इन पर किया जा सकता है। इसके लिए योग्यता हायर सेकेंडरी बारहवीं में विज्ञान, वाणिज्य कला वर्ग के विद्यार्थी 50 प्रतिशत प्राप्तांक और अंग्रेजी विषय में अनिवार्य रूप से 50 प्रतिशत अंक आने पर शैक्षणिक रूप से भर्ती में भाग लेने के लिए पात्र होते हैं। अधिकारियों के मुताबिक युवा जब फॉर्म भरें तो अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जरूर दें।

मरीजों को बाहर पड़ी बेंच पर भी लिटाना पड़ रहा | लगातार बढ़ रहे केस, शुक्रवार को 33 मरीज पहुंचे | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जगह तक नहीं

# रतनपुर में डायरिया बेकाबू, एक बेड पर तीन-तीन मरीज

एक बिस्तर पर तीन मरीज


एक बिस्तर पर दो से तीन मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा।

कुर्सी पर लिटा लगा दी सलाइन


बिस्तर नहीं मिलने पर मरीज को कुर्सी पर लिटाकर वहीं सलाइन लगा दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर / रतनपुर

रतनपुर में फैला डायरिया स्वास्थ्य विभाग बेकाबू हो गया है। शुक्रवार को खूंटाघाट क्षेत्र के कंदई पारा में अचानक 22 मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद रतनपुर लाया गया, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था चरमरा गई। हालत यह है कि एक बेड पर 3 मरीजों का इलाज करना पड़ा, वहीं कुछ मरीजों को बाहर पड़ी बेंच पर भी लिटाना पड़ गया।

रतनपुर में डायरिया के मरीजों के मिलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। 7 जुलाई से अब तक स्वास्थ्य विभाग ने 367 मरीजों का इलाज किया है। वहीं शुक्रवार को 33 से अधिक मरीज क्षेत्र में मिले हैं, जिसमें अकेले कंदईपारा से 22 मरीज सामने आए हैं। बीते तीन दिनों के भीतर इस मोहल्ले से 50 से अधिक मरीज डायरिया के चपेट में आ चुके हैं। वहीं रतनपुर के स्वास्थ्य सुविधा की भी पोल खुलने लगी है। मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड नहीं है, 30 बेड में 42 मरीज भर्ती किए गए हैं। वहीं मरीजों को महज ड्रिप ही लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 12 दिनों के भीतर स्वास्थ्य विभाग ने 8 हजार 9 सौ घरों का सर्वे किया है, जिसमें 367 मरीज मिले हैं। शुक्रवार तक 33 नए मरीज सामने आए हैं, 20 मरीजों को छुट्टी दी गई है।

### निजी अस्पतालों में भी चल रहा इलाज

जानकारों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जगह नहीं होने चलते कई मरीज निजी अस्पतालों का रूख कर रहे हैं। करीब 10 मरीज बिलासपुर और रतनपुर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। वहीं मस्तूरी और बिल्हा में डायरिया का प्रकोप कम हुआ है, शुक्रवार को एक भी नया मरीज सामने नहीं आया है।



### बिलासपुर आने से बच रहे मरीज

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर में व्यवस्था को देखते हुए डाक्टर लगातार रिफर करने की पहल कर रहे हैं, लेकिन आसपास के ग्रामीण शहर आकर इलाज कराने में बच रहे हैं। शुक्रवार को डॉक्टरों ने 8 मरीजों को सिम्स के लिए रिफर कर दिया था, लेकिन मरीजों ने स्वास्थ्य केन्द्र में रहकर ही इलाज करना बेहतर समझा है। वहीं बेड की कमी के चलते स्वास्थ्य विभाग शनिवार से 10 नए बेड लाने पर विचार कर रहा है।

### मेडिकल कालेज की टीम ने लिया सैंपल

सिम्स के डाक्टरों की टीम भी रतनपुर क्षेत्र का दौरा करने पहुंची। इस दौरान टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पानी का सैंपल कलेक्ट किया है। वहीं खूंटाघाट के आसपास फैले डायरिया को देखते हुए डाक्टर हैजा की आशंका जता रहे हैं, लेकिन पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग कुछ कहने की स्थिति में होगा। फिलहाल बचाव और उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी का दावा कर रहा है।

### अचानक बढ़े मरीज

शुक्रवार को अचानक मरीज बढ़े है, लेकिन हमने सभी का इलाज किया है। कल से 10 बेड बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। स्थिति काबू में ही है। डाक्टरों की टीम काम कर रही है।

- **डॉ प्रमोद तिवारी,** डीएचओ स्वास्थ्य विभाग

आमागोहन में भी मिला एक मरीज

# मलेरिया से दो मौत के बाद अधिकारी पहुंचे कोटा

कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है, तीन दिन के भीतर 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को दो सगे भाईयों की मौत की खबर आग की तरह स्वास्थ्य विभाग में फैली और डाक्टरों के साथ पूरा स्वास्थ्य अमला कारीमाटी सिलपहरी पहुंच गया। इस दौरान अमले ने प्रभावित घर और मोहल्ले में मलेरिया के मरीजों की जांच करता रहा। बताया जा रहा है कि यहां आरडी किट से जांच की गई, जिसमें मृतक की मां भी मलेरिया से संक्रमित पाई गई है, जिसे सिम्स अस्पताल भेजा गया है, इसके साथ ही बच्चे के पिता और बहन की भी जांच की गई है।

कोटा क्षेत्र में मलेरिया से दो बच्चों की मौत की खबर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिली, दोपहर को सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डीएचओ डॉ प्रमोद तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान सर्वे की टीम पहले ही ग्रामीण की जांच कर चुका था। मृतकों की मां अनारकली की आरडी कीट में जांच के दौरान मलेरिया पॉजिटिव पाया गया, जबकि पिता रामकुमार ध्रुव और बहन आशुषी की रिपोर्ट निगेटिव मिली है। बताया जा रहा है कि जिन दो बच्चों की मौत हुई है, वे सगे भाई थे और मंगलवार की रात से उन्हें बुखार आ रहा था, मझगांव जाकर झोलाछाप डाक्टर से इलाज भी कराया था। हालत बिगड़ने के बाद गुरूवार को बाइक से उसे बिलासपुर लाया जा रहा था, इस दौरान सड़क पर ही संजय की मौत हो गई, जबकि अजय ध्रुव की मौत रात 11 बजे हो गई। शुक्रवार की सुबह स्वास्थ्य अमले को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही सर्वे


पीड़ित के घर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### आरडी किट के साथ स्लाइट टेस्ट भी

सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि तीन साल के ब्रेक के बाद साइक्लिंग के तौर पर मलेरिया के मामले आ रहे हैं। बिलासपुर से सटे कोरबा जिले में भी मरीज मिले हैं, ऐसे में ओपीडी में आ रहे मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री भी ली जा रही है। साथ ही अब आरडी किट के साथ ही ब्लड स्लाइट टेस्ट भी किया जाएगा, जिससे भले ही टेस्ट की रिपोर्ट आने में थोड़ा समय लगे लेकिन मरीजों में मलेरिया के संभावित लक्षण की जांच हो सकेगी।

### बुखार आने पर करा रहे झाड़फूंक

आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि मलेरिया पाजिटिव होने के बाद भी परिवार के सदस्य बच्चों का इलाज झोलाछाप डाक्टरों से करा रहे थे, इसके साथ ही परिवार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए झाड़फूंक भी किया जा रहा था, मंगलवार को मलेरिया पाजिटिव पाए जाने के बाद बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा मिलती तो उनकी जान बच सकती थी।




TEAM CREATIVE ADVERTISERS



## खबर संक्षेप

### संविदा कर्मचारियों ने की हड़ताल की घोषणा

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ द्वारा वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा कर चुका है। 22 व 23 जुलाई को एनएचएम व एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के कर्मचारी प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन में शामिल होंगें। इस संबंध में शुक्रवार को कर्मचारियों ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा है। एनएचएम व एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में 24 बार ज्ञापन दिया गया है। शासन की ओर से इस संबंध में निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27% वेतन वृद्धि प्रावधान किया गया है, वेतन वृद्धि लाभ महज स्वच्छता मिशन मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल सका है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य विभाग की दर्जन भर योजनाएं प्रभावित होंगी।

### महिला की ससुराल वालों ने की पिटाई

**बिलासपुर।** कोर्ट में हुई बहस के बाद ससुराल वालों ने महिला और उसके मायके वालों को धमकी दी। इसके बाद उन्होंने कोर्ट के बाहर महिला और उसके मायके वालों की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल महिला ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। टिकरापारा में रहने वाली जसप्रीत कौर आजमानी 28 वर्ष ने मारपीट की शिकायत की है। महिला ने बताया कि उनका पारिवारिक मामला न्यायालय में लंबित है। गुरुवार को उनकी पेशी न्यायालय में थी। वे पेशी में अपने पिता सुरेंद्र और मां जसबीर के साथ न्यायालय आई थी। उनके साथ पड़ोसी गौतम मजूमदार भी थे। कोर्ट में न्यायालय के समक्ष उनके ससुर प्रीतपाल सिंह चावला, पति मनमीन चावला ने उनके पिता, मां और पड़ोसी से बहस की। कोर्ट से बाहर निकलते ही जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इस दौरान उनके पड़ोसी ने किसी तरह बीच-बचाव किया। महिला ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

जिला अस्पताल में रिएजेंट की सप्लाई व मशीनें चालू होने पर शासन का जवाब पेश नहीं हो सका, हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, कहा-

# 'स्वास्थ्य विभाग में खरीदी गई मशीनें सिर्फ रखने के लिए नहीं'

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में रिएजेंट की सप्लाई और मशीनें चालू होने की जानकारी गलत पाई गई है। इस पर शुक्रवार को शासन को जवाब देना था लेकिन अतिरिक्त महाधिवक्ता के उपलब्ध नहीं रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

डिवीजन बेंच ने प्रकरण की सुनवाई एक सप्ताह बढ़ा दी। ध्यान रहे कि इस मामले में हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में खरीदी गई लाखों की मशीनें सिर्फ रखने के लिए नहीं होनी चाहिए। इससे जांच हो और नियमित समय पर रिपोर्ट मिले इसकी व्यवस्था सरकार और स्वास्थ्य विभाग को करनी होगी। जिला अस्पताल में अव्यवस्था की बात सामने आई थी। हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया तो मालूम पड़ा कि जिला अस्पताल में थायराइड, खून-पेशाब जैसे जरूरी जांच भी नहीं हो पा रही है। इसके चलते मरीजों को प्राइवेट लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। इस अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई थी और दो कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करते हुए भेजा था। कोर्ट कमिश्नरों ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इसमें बताया गया है कि कुल आठ मशीनों में से 4 बंद हैं तो 4 से जांच हो रही है। हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर बनाया था। कोर्ट ने लैब में स्थापित मशीनों का नाम एवं वर्ष, पिछले दो वर्षों में रिजेन्ट कब-कब प्राप्त हुआ, कुल जांच की संख्या और किन-किन मशीनों का रिजेन्ट समाप्त हो चुका है, उसका मांग पत्र कब भेजा गया है अथवा नहीं एवं रिजेन्ट की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति पर जवाब मांगा था। गौरतलब है कि जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल में प्रतिदिन 60 से 70 मरीज आते हैं। तीन महीने में 4263 मरीज निजी लैब जा चुके हैं।

## दो झोलाछाप डाक्टरों की क्लीनिक सील

**बिलासपुर।** मलेरिया और डायरिया में मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने को लेकर प्रशासन ने डंडा चलाया है। कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश के बाद कोटा ब्लॉक के टेंगनमाड़ा और करगीकला में संचालित दो झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक बंद करा दी गई है। एसडीएम कोटा युगल किशोर उर्वशा के मार्गदर्शन में राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को क्लिनिकों का आकस्मिक निरीक्षण किया।





गौरतलब है कि कलेक्टर ने कल इलाके के दौरे में अवैध क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टेंगनमाड़ा में दीपक गुप्ता का क्लिनिक हैं। यह क्लिनिक धर्मप्रताप पिता विशाल सिंह के मकान में चलाया जा रहा था। दीपक गुप्ता क्लिनिक में नहीं मिले। सरपंच, कोटवार एवं ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव में नहीं है। बताया गया कि उनके द्वारा किये गये गलत इलाज के कारण ही मलेरिया से दो लोगों की मौत हुई । इसी प्रकार करगीकला में डॉ. चिरंजित विश्वास के क्लिनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उनके पास इलाज के लिए वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। क्लिनिक सील कर दिया गया है। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कोटा विकासखण्ड के ग्राम खुटाडीह (मेलनाडीह) में मलेरिया जनचौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को मलेरिया एवं डायरिया फैलने के कारण एवं उपचार के साथ ही साफ सफाई बरतने के समझाइश दी गई।

मनमानी: सीएमएचओ का आदेश दरकिनार, धड़ल्ले से चल रहा झोलाछाप डॉक्टरों का धंधा

# आदेश के बाद भी बीएमओ ने नहीं भेजी झोलाछाप डॉक्टरों की लिस्ट



तखतपुर के लमेर में मरीजों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में डायरिया और मलेरिया का प्रकोप फैला हुआ है, वहीं मौसमी सीजन में झोलछाप डाक्टरों का धंधा भी चमक रहा है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इन फर्जी डाक्टरों पर नकेल कसने की फुरर्सत नहीं है। हालत यह है कि सीएमएचओ ने बीएमओ और बीपीएम को हफ्ते भर में लिस्ट सौंपने कहा है अधिकारी हाथ पर हाथ धर बैठे हैं। वहीं कलेक्टर के निरीक्षण के बाद कोटा क्षेत्र के दो डाक्टरों पर कार्रवाई करते हुए क्लीनिक सील करा दिया गया है।

- **आदेश के 15 दिन बीते, नहीं हो रही है कार्रवाई**

सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने जिले के सभी बीएमओ को क्षेत्र में दौरा कर झोलाछाप डाक्टरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे डाक्टरों पर बीच बीच में कार्रवाई भी की गई है लेकिन मामला खानापूर्ति तक ही सीमित है।

कोटा क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से मौत का मामला भी प्रकाश में आ चुका है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में मलेरिया से 4 मौत हो चुकी है, सभी झोलाछाप डाक्टर के शिकंजे में इलाज करा रहे थे, इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलकर रख दी है। फर्जी दवाखानों में मरीज की जांच से लेकर दवाइयां, भर्ती बेड, ऑपरेशन थियेटर, डिलीवरी तक कराई जा रही है।

### 529 फर्जी क्लीनिक और डाक्टर

स्वास्थ्य विभाग के जानकारों के अनुसार जिले में 529 से अधिक फर्जी क्लीनिक और फर्जी प्रैक्टीशिनर है। इसमें सर्वाधिक बिल्हा ब्लॉक में संचालित है। वहीं तखतपुर ब्लॉक में सबसे कम फर्जी डाक्टर हैं। जानकारों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इनके पते और ठिकाने सभी की जानकारी है, लेकिन क्षेत्र के रसखदारों से पहचान के कारण इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी इन पर कार्रवाई होने से पहले ही डाक्टरों को सूचना पहुंचाते हैं।

### होम्योपैथी की आड़ में एलोपैथिक इलाज

जिले में स्वास्थ्य सुविधा लचर है, जिन गांवों में सड़क नहीं है, वहां डाक्टर और स्टाफ मिलना मुश्किल है, यहीं कारण है कि क्षेत्र में धड़ल्ले से झोलाछाप डाक्टर पनप चुके हैं। महत्वपूर्ण यह है कि सरकारी मशीनरी, योजनाओं और मितानिनों के होते हुए भी झोलाछाप डाक्टर इलाज कर मोटी कमाई कर रहे हैं और प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग तमाशा देख रहा है। झोलाछाप डॉक्टर जड़ी बूटी और होम्योपैथी दवा के साथ ही एलोपैथिक पद्धतियों से भी इलाज करता है और पर्ची भी लिख देता है।



शिविरि में आवास के लिए आवेदन देने उमड़ी भीड़।

## भारतीयनगर वार्ड के शिविर में आवास के लिए आई भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 25 क्रांतिकुमार भारतीयनगर अंतर्गत घोड़ादाना स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में आवास के लिए आवेदन करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी और लगभग पौने दो सौ लोगों ने आवास के लिए आवेदन दिया है।

- **तालापारा तालाब किनारे से हटाए गए लोग पहुंचे थे आवेदन करने**

शहर के वार्ड नंबर 25 क्रांतिकुमार भारतीयनगर वार्ड के जनसमस्या निवारण शिविर में आवास के लिए भीड़ पहुंचने के पीछे कारण यह है कि इस वार्ड अंतर्गत तालापारा मिनीमाता तालाब के किनारे रहने वाले 173 परिवारों को हटवाया गया है। तालाब में स्मार्ट सिटी अंतर्गत सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, वहीं तालाब की मेढ़ वाली जमीन पर जहां लोग झोपड़ी, कच्चे-पक्के मकान बनाकर रह रहे थे, वहां प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना तहत आवास निर्माण कराया जाएगा। आवास निर्माण के लिए ही वहां पर रहने वाले परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया गया है। वे प्रभावित परिवार आवास का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि आवास का निर्माण अधूरा है और उन्हें अभी तक आवास नहीं मिल पाया है, इसलिए आज जब वार्ड में शिविर लगा तो वे सारे परिवार के लोग आवास के लिए आवेदन देने शिविर में पहुंचे थे। जनसमस्या निवारण शिविर में आवास के अलावा साफ-सफाई, पेयजल समस्या, स्ट्रीट लाईट बंद रहने, खराब सड़क व नाली आदि की समस्याओं के संबंध में भी आवेदन आए हैं।

### यूपीएससी पास युवाओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को राज्य सरकार 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देगी। आयुक्त आदिम जाति एवं अजा विकास विभाग रायपुर द्वारा 6 अगस्त तक इसके लिए आवेदन मंगाया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि उत्तीर्ण उम्मीदवार उक्त तिथि तक अपना आवेदन ब्लॉक डी, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से जमा कर सकेंगे। आवेदक छग का मूल निवासी अजा अथवा अजजा वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में पास हो। आयकर दाता न हों, जिन्होंने केन्द्र अथवा राज्य सरकार की योजना के तहत मुफ्त रहवासी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो तथा पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं उठाया हो। अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप ट्राईबल विभाग की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्राईबल डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्राप्त कर सकते हैं।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## साइबर अपराध के संबंध मे बच्चों को कराया अवगत



एनटीपीसी में स्थित बाल भारती स्कूल एनटीपीसी के छात्रों को जिले में चलाए जा रहे सायबर अवेयरनेस प्रोग्राम चेतना के तहत एनटीपीसी कला निकेतन आडीटोरियम में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा साइबर फ्राड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मोबाइल फोन से होने वाले साइबर अपराध से अवगत कराकर उससे बचने के तरीकों से छात्र छात्राओ को अवगत कराया गया। बच्चों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई, बच्चे भी बिलासपुर पुलिस अधीक्षक को अपने समकक्ष पाकर बहुत प्रफुल्लित हुए एवं बढ़ चढ़कर सवाल किया। पुलिस अधीक्षक ने उनके ही शब्दों में जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया और एवं उनकी जिज्ञासा को शांत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा ने पीपीटी के माध्यम से साइबर संबंधी होने वाले अपराधों के प्रकारों के बारे में एवं उनसे बचने के त्रिकोण तथा अपराध होने पर संपर्क किए जाने वाले टोल फ्री नंबर एवं वेबसाइट के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियां से अवगत कराया। कार्यक्रम में विजय कृष्ण पांडेय सीजीएम एनटीपीसी सीपत, जयप्रकाश सत्यकाम एचओडी एचआर एनटीपीसी सीपत, स्वाती दीदी अध्यक्ष ब्रम्हकुमारी बिलासपुर, कमल छाबरा लायंस क्लब एमबेसडर, शलभ निगम प्रचार्य बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं निलेष पाण्डेय थाना प्रभारी सीपत व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



**एजुकेशन लाइव**

## डीएलएड प्रथम वर्ष में 83% द्वितीय वर्ष में 75% उत्तीर्ण

**बिलासपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम गुरुवार दोपहर 3 बजे घोषित कर दिए गए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित डीएलएड प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 7561 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 7561 प्रतिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3600 बालक तथा 3961 बालिका सम्मिलित हुई। समस्त छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। किसी भी छात्र के परिणाम रोके नहीं गए हैं। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 6243 है, अर्थात 82.57% छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 83.43% तथा बालकों का 81.63% है।

### लड़कियों के परिणाम बेहतर

इसके अलावा डीएलएड द्वितीय वर्ष 2024 की परीक्षा में कुल 6,624 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से सभी 6,624 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 2,687 बालक तथा 3,937 बालिकाएं रहीं। समस्त प्रशिक्षणार्थी के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों में से 4,941 अर्थात 74.58% प्रतिशत उत्तीर्ण रहे हैं। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 75.31% तथा बालकों का प्रतिशत 73.53% रहा है। परिणाम मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# वर्कशाप में असफलता को सफलता में बदलने बच्चों को दिया मंत्र

अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कम्प्यूटर साक्षरता एवं साइबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। पांच चरणों में आयोजित वर्कशॉप में स्कूल के एक हजार विद्यार्थियों को जागरुक किया गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्कशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के बिना हम अपना विज्ञान और तकनीकी विकास नहीं कर सकते हैं, यदि विज्ञान एवं तकनीकी विकास करना है तो कंप्यूटर का सावधानी के साथ हमें उसका उपयोग करना होगा। अध्यक्षता कुलसचिव शैलेंद्र दुबे ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अधिष्ठाता डॉ. एचएस होता ने कार्यशाला में चर्चा की जाने वाली विषय वस्तु को प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि उमाशंकर पांडे ने साइबर जन जागरूकता एवं यातायात जागरूकता पर बच्चों को प्रेरित किया। नीरज चंद्राकर ने असफलता को सफलता में बदलने बच्चों को मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह वर्कशॉप 27 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर नूतन कन्या स्कूल से प्रियंवदा पांडे, सुष्मिता शर्मा,धर्म कुमार पाठक, विश्वविद्यालय के शिक्षक गौरव साहू ,रश्मि यादव उपस्थित थे।

### कम्प्यूटर का उपयोग सावधानी से करें

अतिथियों ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर के संबंध में जानकारी दी और बताया कि वर्तमान समय में किस तरीके से साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों को कंप्यूटर की बारीकियों को सीखने एवं उसे अपने जीवन में सावधानीपूर्वक अमल में लाने और स्वयं का विकास करने की प्रेरणा दी। कंप्यूटर के बिना हम अपना विज्ञान और तकनीकी विकास नहीं कर सकते हैं, यदि विज्ञान एवं तकनीकी विकास करना है तो कंप्यूटर का सावधानी के साथ हमें उसका उपयोग करना होगा।



## बच्चों को किया गया जागरूक, तथ्यों की दी जानकारी

पुलिस एसपी रजनेश सिंह द्वारा चेतना साइबर क्राइम की पाठशाला अभियान हर स्कूल कालेज में चलाया जा रहा है, इसी क्रम में न्यू इंडिया स्कूल में सुधा प्रवाह फाउंडेशन द्वारा साइबर की पाठशाला आयोजित की गई, जिसमें यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने बच्चों को साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया संबंधी तथ्यों को लेकर जागरूक किया, यातायात प्रभारी उमाशंकर पांडेय ने शहर में हो रही दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए हेलमेट की अनिवार्यता की जानकारी दी, उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से यातायात नियम का पालन करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा गया कि आम लोगों में नवीन तकनीक का फायदा उठाकर लोग उनकी जमा राशि पर सेंध लगा रहे हैं, इसमें कहीं न कहीं हमसे चूक हो रही है। हमने देखा है कि फेसबुक,इंस्टाग्राम, ट्विटर,फेसबुक पर कई ऐसे लिंक शेयर रहते हैं जो आपको लुभाते हैं, वे आकर्षित करते हैं थोड़े से पैसा को दुगना करने का लालच देते हैं और लोग इस लालच में फंस जाते हैं। परिणामस्वरुप हमारी जमा राशि भी चली जाती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कूल की प्राचार्या मनीषा राय, सुधा प्रवाह फाउंडर सुधा शर्मा,मनोज सिन्हा, न्यू इंडिया स्कूल के शिक्षकगण,शैल जायसवाल,पूनम शर्मा व प्रतीक तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आयोजन**

## रेल संस्कृति निकेतन में स्काउटिंग जाँच शिविर का आयोजन



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के स्काउटिंग जांच शिविर का आयोजन रेल संस्कृति निकेतन में किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे स्काउटिंग के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस जांच शिविर में विभिन्न विषयों के परीक्षक, स्काउट्-गाइड, रोवर रेंजर्स सहित लगभग दो सौ लोगों ने भाग लिया। शिविर में चयनित बच्चे राज्य स्तरीय जांच शिविर एवं राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जांच शिविर में भाग लेने के पात्र होंगे। शिविर में विभिन्न विषयों जैसे राष्ट्रगान, झण्डा गीत, प्राथमिक चिकित्सा, नियम-प्रतिज्ञा, प्रार्थना गीत, गाँठ एवं बंधन तथा अन्य संबंधित गतिविधियाँ आदि की गईं। इस दौरान शिविराग्नि महोत्सव का भी आयोजन किया गया। शिविराग्नि उत्सव का शुभारंभ जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सहायक जिला आयुक्त यूएसएस राव की उपस्थिति रही। शिविराग्नि में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किए और उन्हें पुरस्कृत किया गया। विगत वर्षों की भांति शिविर का सफल आयोजन स्काउटिंग के जिला आयुक्त एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधन अनुराग कुमार सिंह एवं जिला आयुक्त गाइड नेहा सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला संगठन आयुक्त दिलीप कुमार स्वाइन एवं ज्योति देव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शिविर में जया मुखर्जी, ई त्रिनाथ राव, रजनीकान्त शेन्दे शिविर प्रभारी नियुक्त किए गए थे।

### यूजीसी द्वारा जारी सर्कुलर में समोसे और कचौरी को माना गया अनहेल्दी

# समोसे-कचौरी पर प्रतिबंध से खफा छात्र



**छात्रों ने कहा- जेब खर्च के पैसे में ये ही आता है, कई छात्रों ने बताया सेहतमंद**

यूजीसी द्वारा देशभर के विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालयों को जारी किए दिशा-निर्देशों में अब कैंटीन के माध्यम से सिर्फ हेल्दी फूड ही दिए जाने को कहा गया है। यूजीसी ने छात्रों में बढ़ते मोटापे, मधुमेह और अन्य रोगों के लिए समोसा, कचौरी सहित अन्य जंकफूड को जिम्मेदार माना है।

**बिलासपुर।** यूजीसी ने शैक्षणिक संस्थानों में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाने और कैंटीन में स्वस्थ भोजन विकल्पों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है। इस दिशा-निर्देश को लेकर कॉलेज छात्र अधिक खुश नहीं हैं। शहर के जिन महाविद्यालयीन छात्रों से हमने बात की, उनमें से मात्र 20 प्रतिशत ने ही इसे सही ठहराया है, जबकि अधिकर छात्र समोसे और कचौरी परोसे जाने के पक्ष में नजर आए।



### गुणवत्ता का रखें ध्यान

कैंटीन में किसी विशेष खाद्य सामग्री को प्रतिबंधित करने के स्थान पर जो चीजें मिल रही हैं, उनकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। यदि उचित तरीके से अच्छी क्वालिटी के तेल का इस्तेमाल करके व्यंजन बनाए जाएं, तो कोई भी खाद्य सामग्री नुकसानदायक नहीं होती है।

*- नीतेश गुप्ता, छात्र*



### बाकी सब बजट के बाहर

जिस प्रकार यूजीसी द्वारा समोसा और कचौरी को बैन किया गया है, उसके में विरोध में हूं। जब हम अपने कॉलेज और यूनिवर्सिटी जाते हैं तो पॉकेट मनी जो हमें मिलती है, उसमें समोसा और कचौरी ही हमारे बजट में आता है।

*- साक्षी सिंह ठाकुर, छात्रा*



### सभी छात्रों को पसंद

समोसा और कचौरी मुझे पसंद है। इसे बंद नहीं करना चाहिए। अधिकतर छात्रों को यह पसंद होती है। कॉलेज छात्र परिपक्व होते हैं। वे फैसला ले सकते हैं कि उन्हें क्या खाना है और क्या नहीं। ऐसे में इस तरह के प्रतिबंध अनुचित हैं।

*-घनश्याम साहू, छात्र*

### स्वास्थ्य के लिए सही फैसला



यूजीसी ने हेल्थ में ध्यान में रखते हुए समोसा और कचौरी को बैन किया है। छात्रों के स्वास्थ्य के लिए सही फैसला है। पढ़ाई के साथ-साथ सेहत का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

*- पवन चंद्रा, छात्र*

### लागू कर पाना कठिन

यूजीसी द्वारा कई तरह के नियम समय-समय पर बनाते जाते रहे हैं, लेकिन इनका



क्रियान्वयन उचित रूप से नहीं हो पाता है। कैंटीन में समोसे की मांग सबसे अधिक होती है। ऐसे में मुश्किल है कि इसे लागू किया जा सकेगा।

*- शशांक सोनवानी, छात्र*

श्रावण मास में श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेकात्मक महायज्ञ प्रारंभ किया जा रहा है। 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रावण कृष्ण प्रतिपदा से प्रारंभ होकर श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तक शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक नमक चमक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक मंदिर में किया जाएगा।

## पीताम्बरा पीठ में श्रावण मास पर होगा महारुद्र अभिषेक व महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



इसके अलावा पीताम्बरा पीठ में 15 नवंबर तक श्री पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ भी चल रहा है, जिसमें 36 लाख आहुतियां दी जाएगी। प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से रात्रि 1 बजे तक हवनात्मक महायज्ञ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी मंदिर में किया जा रहा है एवं महाआरती रात्रि 12:45 बजे की जा रही है। सावन के महीने में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्री पीताम्बरा हवनात्मक यज्ञ एवं महारुद्र अभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि सावन के महीने में प्रतिदिन रुद्राभिषेक किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु यजमान भी बन सकते हैं। पारद शिवलिंग में महारुद्र अभिषेकात्मक महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना कर फल की प्राप्ति कर सकते हैं। इसके साथ ही कन्या पूजन भोजन तथा भंडारा में सहयोग भी कर सकते हैं। श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी मंत्र द्वारा सवा लाख यज्ञ के लिए संकल्प भी दे सकते हैं।

**हवनात्मक महायज्ञ में 36 लाख आहुति दी जाएगी**

**कार्यक्रम**

## एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई ग्रहण करने का दिया संदेश

**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के युग संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर की विशेष टोली ने धर्म तंत्र से लोक शिक्षण का कार्य करते हुए इस वर्ष अब तक 31 गांवों में जन जागरण का कार्यक्रम चलाया है। श्री द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि इसी कड़ी में बिल्हा ब्लॉक के आखिरी छोर ग्राम - नान बांका में भी गायत्री यज्ञ किया गया । यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें लोकगीत के साथ गाते-बजाते ग्रामीण जन सम्मिलित हुए तत्पश्चात उपजोन बिलासपुर के सह- समन्वयक राम कुमार श्रीवास, जागेश्वरी साहू, नलिनी कश्यप की टोली द्वारा यज्ञ कराया गया एवं जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार के द्वारा पूर्णिमा सिंह- प्रीतम सिंह का पुंसवन संस्कार कराते हुए इसकी महत्ता बताकर आओ गढ़ें, संस्कारवान पीढ़ी पर प्रकाश डाला गया, गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी गणेश प्रसाद श्रीवास ने एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई ग्रहण करने पर संदेश दिया, जिसके अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों कु. नेहा, ममता, मनीषा, दीपक कुमार एवं प्रतीक ने बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। परिवार में बुजुर्गों के प्रति सेवा- सम्मान का भाव बना रहे, इसके लिए इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग सौ साल की वयोवृद्धा सोनमती देवा का उनके बेटे-बहू के द्वारा चरण धोकर अभिनंदन कराया गया। इस आदिवासी वनग्राम में कार्यक्रम करने के लिए ग्राम के सहयोगी प्रताप सिंह पेंद्रों, श्रीमती मथुरा बाई ओरकेरा, रामायण सिंह, रंजीत गदेवाल का सहयोग रहा।



# शहर के 6 खिलाड़ी अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी कैंप के लिए सलेक्ट

**स्पोर्ट्स न्यूज**

शहर के 6 खिलाड़ियों का चयन स्टेट अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी कैंप के लिए किया गया है। स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किए गए अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में किए गए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सम्भावित 30 खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ अंडर 16 कैंप और सलेक्शन मैच के लिए सलेक्टर किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस संभावित टीम में क्रिकेट संघ बिलासपुर के 6 खिलाड़ी हैं। इसमें आरव राय, आर्यन सिंह, जी कविश नायडू, गुणवंत अवस्थी, पियूष चंद्रा, रणवीर चड्ढा का सलेक्शन किया गया है। सभी खिलाड़ियों का एक महीने का फिटनेस कैम्प और सिलेक्शन मैच कराया जाएगा।



## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयन

जिला खेल परिसर तरणताल में जिला तैराकी संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 70 तैराकों ने भाग लिया, जिसमें बालक ग्रुप 3 में आयुष्मान वर्मा, प्रयान तिवारी, अगस्त्य सिंह, आरव सोनी थे। बालिका ग्रुप में 3 वसुंधरा गुप्ता आराध्या साव काशवी अग्रवाल रहीं। बालक ग्रुप 2 में प्रत्युष नायडू, आदिया सीरिया, प्रियाश सीरिया, प्रत्युष सोनी, श्रेयस यादव, अविसंस वैद्य व बालिका ग्रुप 2 सारण्य निगम, वानिया सिंग, दिव्यांशी धारा, रिद्धि रमन थे। इसी प्रकार बालक ग्रुप 1 में सिद्धार्थ मिश्रा विशेष पहाड़ी प्रिंस ठाकुर,अर्पित धारा, सैकत हलदार बालिका ग्रुप 1 की संयोगिता सिंग, दिव्या पहाड़ी, वंशिका थे। प्रतियोगिता में चयनित तैराकी भिलाई में 26 से 28 जुलाई तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियिगिता के मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष विश्व जीत नाग व अंतरराष्ट्रीय तैराक शिवाक्ष साह रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक धर्मजीत करेंगे भूमिपूजन आज



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से ग्राम देवरी से चनाडोंगरी मार्ग तक सड़क स्वीकृत हुआ है जिसकी कुल लागत लगभग 7 करोड़ है। इस मार्ग का लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण होना है जिसका भूमिपूजन विधायक धर्मजीत सिंह 20 जुलाई को करेंगे। उक्त जानकारी पीडब्लूडी की एसडीओ प्रियंका मेहता ने दी।

### शालेय शतरंज प्रतियोगिता 125 छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**तखतपुर।** विकास खंड स्तरीय शालेय शतरंज क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन आज नव जागृति स्कूल में किया गया। जिसमें लगभग 125 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें नव जागृति स्कूल के संचालक बाबी सर के द्वारा सभी व्यायाम शिक्षकों का पुष्पमाला के साथ स्वागत किया गया। जिसमें विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी अजय त्रिपाठी, लीना शर्मा, गीता यादव, थानेश्वर, परमेश्वर कुर्रे, पिंकू राम शर्मा आदि व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे एवं प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोग दिया।

### डार्ट चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

**लोरमी।** आल इंडिया डार्ट्स एसोसिएशन के द्वारा 22 वीं राष्ट्रीय रैंकिंग डार्ट्स चैंपियनशीप 2024 का आयोजन वाराणसी में 19 से 21 जुलाई को होने जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ से पुनदास पाटले, इतवारी कुर्रे, जितेन्द्र कुमार साहू, जितेश साहू, शालिनी ध्रुव वाराणसी के लिए रवाना हुए। स्पर्धा में 1 लाख की इनाम राशि रखी गई है। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ डार्ट संघ के अध्यक्ष मुरारी लाल गुप्ता, सचिव सुबोध कुमार सिंह, ओमप्रकाश वंदे, पुन्नीलाल जांगड़े, युगल किशोर राजपूत, मनीराम, टोन्डे, संयोगिता बंजारे ने विदाई दी।

### निःशुल्क अल्पावधि प्रशिक्षण के लिए आवेदन 22 तक

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अंतर्गत विभिन्न कोर्स में निःशुल्क अल्पावधि प्रशिक्षण के लिए 22 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज की सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के 14 से 45 वर्ष के युवाओं को कॉरपेट वीवर, वुडन टॉय मेकर, सैरेमिक एण्ड टेराकोटा टॉय मेकर, जूट प्रोडक्ट स्टिचिंग आपरेटर और फ्रूट पल्प प्रोसेसिंग टेक्नीशियन आदि कोर्सों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## निधन

### आशा बाई मानिकपुरी



**बिलासपुर।** ग्राम गैलूं गांव जिला मुंगेली निवासी आशा बाई मानिकपुरी पति महंत मुरली दास का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 20 जुलाई को उनके गृह ग्राम गैलूं में किया जाएगा।

### राजकुमार शर्मा



**धरमपुरा।** ग्राम धरमपुरा के प्रतिष्ठित नागरिक राजकुमार शर्मा पिता स्व. रामदत्त शर्मा का 48 वर्ष की उम्र में 18 जुलाई गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जुलाई शुक्रवार को गृह ग्राम में किया गया।

---

## 700 रुपए की रायल्टी का 4000 रुपए वसूल रहे माफिया

# रेत बनी सोना: 1500 रुपए हाइवा है कीमत, बेच रहे 10 हजार में

**खनिज विभाग कार्रवाई भी कर रहा, लेकिन लगाम नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बारिश में भी रेत घाटों से अवैध खनन और परिवहन जारी है जबकि इस पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। सरकार की ओर से भी इस मामले में हलफनामा पेश किया गया है लेकिन रेत माफिया नहीं मान रहे हैं।

- जिले में पांच घाटों से ही खनन की अनुमति अभी तक मिली है

दूसरी ओर रेत की कमी बताकर इसकी मुनाफाखोरी की जा रही है। यहां एक हाईवा रेत के लिए नौ से 10 हजार रुपए लिए जा रहे हैं, जो निर्माण स्थल तक पहुंचकर 18 से 20 हजार तक हो जाती है जबकि सरकार ने लोडिंग की कीमत 150 रुपए प्रति घन मीटर तय कर रखी है, इस हिसाब से रेत की कीमत 1500 रुपए प्रति हाईवा होती है, लेकिन रेत माफिया नौ से 10 हजार रुपए वसूल रहे हैं।खनिज विभाग कार्रवाई भी कर रहा, लेकिन लगाम नहीं है। इसी कारण रेत की कीमतें भी बढ़ी हुई हैं। एक हाइवा रेती 14 से 16 हजार तो ट्रैक्टर में साढ़े तीन हजार रुपए में मिल रहा है। यदि बाकी घाटों को पर्यावरण अनुमति नहीं मिली तो दाम और भी बढ़ सकते हैं। अभी वैसे भी रेत की कमी है। यह कमी पांच घाट से तो पूरी नहीं हो सकेगी।



**15 अक्टूबर तक रेत खनन पर प्रतिबंध**

15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खनन पर एनजीटी की ओर से प्रतिबंध है। शासन की ओर से भी रोक लगाई गई है। अवैध भंडारण के साथ ही परिवहन और उत्खनन पर कार्रवाई लगातार जारी है।

\- **रमाकांत सोनी**, खनिज अधिकारी

### पांच घाटों से ही मिली है खनन की अनुमति

गौरतलब है कि फिलहाल जिले में कोनचरा, सोढ़ाखुर्द के साथ ही लक्षनपुर, अमलडीहा और उदईबंद को पर्यावरण की अनुमति मिली और खनन जारी है। हालांकि अभी भी 10 घाटों की अनुमति पिछले दो सालों से अटकी है। इसमें 6 घाटों की नीलामी खनिज विभाग ने की है, जबकि 4 घाट आदिवासी क्षेत्र वाले हैं, जिनका संचालन पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा। दूसरी ओर रेत घाटों से अवैध खनन और परिवहन जारी है। खनिज विभाग कार्रवाई भी कर रहा, लेकिन लगाम नहीं है। इसी कारण रेत की कीमतें भी बढ़ी हुई हैं। एक हाइवा रेती 14 से 16 हजार तो ट्रैक्टर में साढ़े तीन हजार रुपए में मिल रहा है। यदि बाकी घाटों को पर्यावरण अनुमति नहीं मिली तो दाम और भी बढ़ सकते हैं। अभी वैसे भी रेत की कमी है। यह कमी पांच घाट से तो पूरी नहीं हो सकेगी।

### तीन गुना अधिक कीमत पर बिक रही

खदानें भले ही कागजों में बंद हो लेकिन दिन के साथ ही शाम होते ही डंप रेत को बेचने और इधर-उधर खपाने का खेल चल रहा है। रेत माफिया ने शार्टेज बताकर कीमतें पांच गुना तक बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि 1200 से 1500 रुपए तक मिलने वाले एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 3500 रुपए तक पहुंच गई है। साथ ही प्रति हाइवा रेत की कीमत साढ़े 6 हजार से बढ़कर 14 हजार तक पहुंच गई है। ध्यान रहे कि बिल्डिंग मटैरियल में लोहे के बाद गिट्टी की कीमत दूसरी सामग्रियों में अधिक महंगी मानी जाती रही है, लेकिन कुछ अरसे से रेत की कीमत गिट्टी से भी दो गुनी अधिक हो गई है।

### सिर्फ परिवहन पर कार्रवाई हो रही

जिले में सिर्फ 10 जगहों पर रेत भंडारण की अनुमति मिली है, लेकिन 50 से अधिक जगहों पर भंडारण किया जा चुका है। खनिज विभाग के नियमानुसार ऐसे भंडारण को जब्त करके राजसात किया जाता है। इसके बाद सरकारी रेट पर नीलामी की प्रक्रिया होती है। ऐसे में यह रेत आम जानता या फिर सरकारी निर्माणों में उपयोग की जा सकती है। दूसरी ओर रेत भंडारण करने वालों द्वारा यदि एक हाईवा की रायल्टी मांगी जाती है तो 700 रुपए की रॉयल्टी का 4,000 रुपए लिया जाता है। बता दें कि सिर्फ परिवहन पर कार्रवाई हो रही है ऐसे में कार्रवाई से बचने के लिए रॉयल्टी पर्ची खरीदना मजबूरी है।

### यह है भंडारण का नियम

खनिज विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 छत्तीसगढ़ खनिज (खनन,परिवहन एवं भंडारण) नियम 2009 के तहत नदी से एक किलोमीटर की दूरी पर ही भंडारण हो सकता है। लोडिंग पर निविदा दर पर रायल्टी देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर मामला दर्ज कर भंडारित रेत को जब्त कर अवैध भंडारणकर्ता को तीन दिवस के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी करने के साथ ही भंडारण को सील किया जाता है।

---



ज्ञापन सौंपते विधायक अटल श्रीवास्तव।

## पेंड्रारोड से बिलासपुर तक नई मेमू लोकल चलाने की मांग

**पेंड्रा।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जीएम नीना इटियेरा को ज्ञापन देकर पेंड्रारोड से बिलासपुर तक नई लोकल मेनू ट्रेन चलाने की मांग की, साथ ही चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि पेंड्रारोड स्टेशन बिलासपुर कटनी रूट का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है जो कि बिलासपुर जिले से जीपीएम जिले को जोड़ता है, यंहा से छोटे मोटे व्यवसाय करने वाले, सरकारी कर्मचारी, कोर्ट और चिकित्सा संबंधी काम वाले तथा स्कूली छात्र आवाजाही करते है परन्तु सुबह के बाद शाम तक आवाजाही के लिए ट्रेन न होने से उन्हें काफ़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उन्होंने पेंड्रा रोड से बिलासपुर के बीच नई लोकल मेमू चलाने की माँग की जिस पर शीघ्र उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिया।

- विधायक अटल ने सौंपा रेलवे जीएम को ज्ञापन

विधायक अटल श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि बिलासपुर जोन सर्वाधिक आय देने वाला जोन है। कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेल्वे स्टेशन में पूर्ववत चल रहे यात्री ट्रेनों के ठहराव को पुनः चालू करने की मांग करता हूं जो कि कोरोना के समय से बंद कर दिया गया था, इसे पुनः चालू किया जाये। विधायक ने बताया कि कटनी मार्ग में करगीरोड, बेलगहना, खोडरी, पेण्ड्रारोड स्टेशन है जहा प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ ज्ञापन सौंपने में उनके साथ अभय नारायण राय, कोटा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य दीखित, पेंड्रा नगर पालिका उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, संदीप शुक्ला, अरुण त्रिवेदी, शीतल जायसवाल, लाला बिर्मलकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रंजिश पर दो पक्षों में जमकर मारपीट, अपराध दर्ज

**तखतपुर।** ग्राम चनाडोंगरी में रंजीश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम चनाडोंगरी निवासी राघवेंद्र सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कार क्रमांक सीजी 11 एमबी 4078 से अपने पिता दिलहरण, चचेरा भाई विक्रम, चाचा मनहरण को बैठाकर गांव में हुई मिटिंग में हुए विवाद की शिकायत करने रात 9 बजे तखतपुर थाना आ रहा था। तभी गांव के ही अंकल सतनामी, दिलेश सतनामी, ओंकार सतनामी, लखन सतनामी रोड़ पर खड़े हुए थे और कार के सामने आकर खड़े हो गए। कार को रोकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं अंकल सतनामी पिता सौखी गेंदले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि हाई स्कूल के पास रोड़ किनारे खड़ा था तभी कार में राघवेंद्र सूर्यवंशी, विक्रम सूर्यवंशी, विरेंद्र, दिलहरण नीचे उतरे और कहने लगे कि तुम आवाज क्यों दिए हो। कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

---

## गबन मामले में सीएमओ प्रभारी कैशियर गिरफ्तार

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद के बहुचर्चित मवेशी बाजार की आय के गबन के मामले में पुलिस ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोरीस राज सिंह, प्रभारी कैशियर यतेंद्र पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में दस्तावेजी साक्ष्य एकत्र कर अन्य संदेही व्यक्तियों के विरुद्ध विवेचना की जा रही है।



साक्ष्य मिलने पर आरोपियों को हिरासत में ले रही है। सिटी कोतवाली नगर निरीक्षक तेजनाथ सिंह ने बताया कि अनिल कुमार तंबोली निवासी के लिखित रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 420, 408, 409, 467, 468, 471, 34 भादवि 20 दिसम्बर 2023 को अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले में टीम गठित कर आरोपी मोरिस राज सिंह तत्कालीन सहायक राजस्व निरीक्षक व वर्तमान सीएमओ को 18 जुलाई को टीम सहायक उप निरीक्षक शत्रुहन खूंटे द्वारा राहोद जिला जांजगीर चांपा से नोटिस देकर तलब किया गया। तत्कालीन कैशियर मुंगेली यतेंद्र पांडे को नोटिस देकर तलब किया गया। आरोपी मोरीस राज सिंह, यतेंद्र पांडे के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की सूक्ष्म जांच की जा रही है। जिसमें संदेही आरोपियों को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

## संघर्ष समिति ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**सीपत।** केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए प्रदत्त 10% आरक्षण (ईडब्लूएस आरक्षण) को केंद्र व अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी लागू करने के प्रश्न को विधानसभा सत्र के दौरान उठाने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजपूत क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में विधायक अमर अग्रवाल व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से मुलाकात की।

इस दौरान संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि पीएम मोदी के द्वारा 12 जनवरी 2019 को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस आरक्षण) को संविधान के मौलिक अधिकार खंड के अनुच्छेद 15 एवं 16 में संशोधन कर शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय सेवाओं में 10% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। जिसका मूल उद्देश्य सामान्य वर्ग के अंतर्गत आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब वर्ग को अवसर की समानता प्रदान करना है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि ज्यादातर राज्यों में इसे लागू किए 5 वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन छत्तीसगढ़ में यह अब तक लागू नहीं किया गया है। जिसके कारण राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों व अभ्यार्थियों को नौकरियों में आरक्षण का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है।



विधायक सुशांत शुक्ला को ज्ञापन सौंपते वर्ग संघर्ष समिति के सदस्य।

## बार एसोसिएशन के चौथी बार अध्यक्ष बने अतुल

**पेंड्रा।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अतुल तिवारी चौथी बार अध्यक्ष चुने गए हैं। 159 सदस्यों में से 156 वकीलों ने मतदान किया, जिसमें अध्यक्ष पद के दावेदार अतुल तिवारी 65 वोट प्राप्त हुए। वहीं मदन गुप्ता ने 44, कैलाश राठौड़ 27, दीवान सिंह राठौड़ को 19 वोट प्राप्त हुए। एक वोट निरस्त रहा। कुल 156 वोट पड़े जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी अतुल तिवारी चौथी बार अध्यक्ष चुने गए।

सचिव पद के तीन उम्मीदवार पवन त्रिपाठी फिरोज खान संजय गुप्ता थे जिनमें पवन त्रिपाठी सचिव पद के लिए निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष के लिए आशीष बंसल विनय तिवारी वीरेंद्र गुप्ता मैदान में थे। आशीष बंसल कोषाध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए। श्री तिवारी ने कहा कि सभी अधिवक्ता भाइयों एवं बहनों के हित को ध्यान में रखकर कार्य करने के साथ ही न्याय पालिका के दायरे में रहकर सभी के उम्मीदो पर खरा उतरने का मेरा हर संभव प्रयास रहेगा इस मौके भारी संख्या में समर्थक अधिवक्ताओं ने फूल माले के गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने खुशियों का इजहार अतुल तिवारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ज़िला अधिवक्ता संघ बिलासपुर पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर बाजपेयी ने गौरेला पहुंचकर शुभकामनाएं दी।



चुनाव जीतने के बाद विजयी मुद्रा में अतुल तिवारी व अन्य।

## कया में लगा जन समस्या निवारण शिविर

**बोदरी।** जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा बिल्हा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कया में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज 19 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत, ग्रामीण विकास विभाग, आयुर्वेद औषधालय विभाग, जल संसाधन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को सुना और विधायक, कलेक्टर सहित सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा आवेदन लेकर तत्काल समाधान करने योग्य समस्याओं को समाधान किया गया। तत्काल समाधान नहीं होने वाले समस्याओं को विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द समाधान करने कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर अवनीश



कुमार शरण, एडीशनल कलेक्टर आरए कुरूवंशी, बिल्हा एसडीम बजरंग वर्मा, बोदरी तहसीलदार अभिषेक राठौर, बिल्हा तहसीलदार लोकेश्वर प्रसाद किरण, जनपद पंचायत अध्यक्ष राधिका जितेन्द्र जोगी, जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, सदस्य भारती रजक. विधायक प्रतिनिधि मेलूराम साहू. राजेन्द्र डहरिया. डॉ लक्ष्मण यादव. ज्ञानेश्वर साहू व ग्राम कया कडार धमनी सरपंच सहित ग्रामीणों मौजूदगी में जिला स्तरीय जन समस्या शिविर संपन्न किया गया है।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र.क्र /2024
ग्राम दुल्लापुर प.ह.न. 30

एतद द्वारा ग्राम दुल्लापुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामखेलावन आ. कलीराम जाति सत. निवासी दामापुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम दुल्लापुर हल्का नं. 30 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 217 (1.9950) में कुल रकबा एकड़ /हेक्टे. भूमि को खाता विभाजन हेतु के आधार पर खाता विभाजन किये जाने का आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25/07/24 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दवा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्र से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

**Notice**

**M/S SHRI BALAJI CONSTRUCTIONS**

UNDER SECTION -72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932 IT IS HERE BY NOTIFIED TO GENERAL PUBLIC THAT FIRM M/S-SHRI BALAJI CONSTRUCTIONS REG NUMBER -222201797165 Date 20/12/2017 IS GOING TO RETIRE ITS PARTNER M/S RAM NIWAS AGRAWAL W.E.F. PARTNER RAMESH AGRAWAL BY THEIR WILL 20/06/2024 FURTHER THE REMAINING PARTNERS-ARET (1) LAXMI CHARAN AGRAWAL (2) JAGDAMBA PRASAD AGARWAL WILL CONTINUE THE SAID FIRM. FOR M/S SHRI BALAJI CONSTRUCTIONS, MEDICAL COMPLEX, TELIPARA, BILASPUR (CG)

**For,**
**Shri Balaji Constructions**
**Partner**

**न्यायालय श्रीमान अष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
**(ज्ञापन)**

कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ कृष्णा......आवेदक
विरुद्ध
मुन्ना प्रसाद दुबे वगैरह.....अनावेदकगण
प्रकरण सी टी क्र. 1299/2023
पेशी तारीख 13/08/2024
प्रो.नं. 972

1. मुन्ना प्रसाद दुबे, उम्र लगभग 53 वर्ष, पिता श्री स्व. नारायण प्रसाद दुबे, निवासी पंधी सीपत, थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)
2. अवधेश दुबे, उम्र लगभग 48 वर्ष, पिता श्री बैजनाथ दुबे, निवासी चौबे कालोनी सरकंडा थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर (छ.ग.).

आपके विरुद्ध इस न्यायालय में आवेदक कृष्ण कुमार पाण्डेय के द्वारा रुपये 1,63,00,000/- (एक करोड तिरसठ लाख रुपये) क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदकगण के द्वारा अनावेदकगण के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत दावा प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय मे दिनांक 13/08/2024 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर / अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात (हाजिरी ) हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और इस दावा से संबंधित सभी सरवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहे, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिरी नही होगे तो आपके विरुद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 18/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान:- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 18/07/ 2024

(अनिल प्रभात मिंज)
अष्टम अपर मो. दु.दा. अधिकरण
बिलासपुर (छ.ग.)
सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार वर्ग 01. बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**

प्र.क्र. SC/39/2024
आदेश दिनांक 21.06.2024
पेशी तारीख 16.08.2024
प्रोसेस 200/94

रमेश साहू एवं अन्य 04 .........आवेदकगण
बनाम
आम जनता एवं अन्य 01 ......अनावेदकगण
प्रति, आम जनता जिसका इससे संबंध हो।

चूंकि इस न्यायालय में आवेदकगण रमेश साहू, रवि कुमार साहू, दीपक कुमार साहू, अंजू साहू सभी पिता स्व. नेतराम साहू तथा श्रीमती इन्द्रीबाई पति स्वर्गीय नेतराम साहू सभी निवासी सेमरताल गांधी चौक तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा एक उत्तराधिकार प्रकरण क्रंमाक 39/2024 पेश कर अपने पिता / पिता स्व. नेतराम साहू के द्वारा अनावेदक क्र 02 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सरकण्डा शाखा बिलासपुर छ.ग. मे एकाउंट नंबर 106000622178 में जमा रकम 85,165 पचासी हजार एक सौ पैसठ रूपये को नेतराम साहू की हुयी मृत्यु दि. 07.09.2020 पर से जमा रकम को प्राप्त करने बाबत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने बाबत पेशा किया गया है।

उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 16.08.2024 को नियत होकर सुनवाई हेतु नियत है यदि कोई व्यक्ति संस्था शासकीय अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार उक्त संबंध मे आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे सम्यक निर्देश दिये गये हो अपने पक्ष के दस्तावेज एवं साक्ष्य के अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। यदि पेशी/ सुनवाई दिनांक को आप गैर हाजिर रहते है तो प्रकरण निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा एवं बाद की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यदि किसी कारण वश शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी सुनवाई दिनांक को अनुपस्थित रहते है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जायेगी।

अतः मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के दिनांक 29/06/2024 को जारी किया गया।
स्थान बिलासपुर
दिनाक 29/06/2024

(मनीष कुमार दुबे)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 09.07.2024


श्री सोहैल अंसारी आत्मज मो. सालहउद्दीन अंसारी उम्र-34 वर्ष निवासी सुन्नी रजा मस्जिद के पास मसानगंज बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसीन व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी शीतल बाबूलाल मेश्राम

आत्मजा स्व. बाबूलाल मेश्राम उम्र 32 वर्ष निवासी संजय नगर रबिदास मंदिर के पास तालापारा बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 22.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सोहैल अंसारी



शीतल बाबूलाल मेश्राम

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह
अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 26 मूल आबंटी श्री हिमकर दुबे पिता श्री दिवाकर दुबे एवं श्रीमती उर्मिला दुबे पति श्री हिमकर दुबे के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.02.2021 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम सयमा फातिमा पति शेख आरिफ को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, नेहरू नगर बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 45, आबंटी श्री अनिल कुमार दीवान पिता स्व.श्री गणेशधर दीवान, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 31.10.1996 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक-30.11.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री ज्योतिष्मान द्विवेदी पिता स्व.श्री जयश्रीकान्त द्विवेदी, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

क्रमांक /अ.वि.अ./री-1/2024
मरवाही, दिनांक 10.07.2024
प्र.क्र. 202407281100003/अ 2/2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लल्लू प्रजापति पिता मुसई प्रजापति, निवासी वार्ड नंबर 09 उर्जा नगर, बी ब्लॉक बिजुरी जिला शहडोल (म.प्र.) के द्वारा ग्राम-मरवाही, प.ह.नं. 04 रा.नि.मं.-मरवाही, तहसील मरवाही, स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 18/1 रकबा 0.21 एकड़ भूमि में से रकबा 0.07 एकड़ भूमि कृषि भिन्न प्रयोजन से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 24.07.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2024
बिलासपुर, दिनांक 28.06.2024

ग्राम चुमकंवा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम चुमकंवा प.ह.नं. 21 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 80/1 रकबा 0.016 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री मेसर्स आस्था डेव्हलपर्स संतोष कुमार सिंह आ. राजबहादुर सिंह निवासी बालाजी पुरम लिंगियाडीह बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29.07.2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 28.06.2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.- 00035 मंगला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324400108100153

**// ईश्तहार //**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम मंगला के वर्तमान भूमि स्वामी केसर बाई पति फत्तेचंद अग्रवाल पिता/ पति- पता- नि. मंगली बाजार पेंड्रा रोड के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1588/2 (0.1370), 1588/4 (0.0570), 1587/4 (0.1940) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजकुमार अग्रवाल पिता/ पति- स्व. फत्तेचंद अग्रवाल पता- क्रांति नगर बिलासपुर, मनोज कुमार अग्रवाल पिता/ पति- स्व.फत्तेचंद अग्रवाल पता- अम्बेडकर नगर मंगली बाजार पेण्ड्रारोड के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/07/24 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार Atul Vaishnav
तहसील बिलासपुर

# रेलवे के 12 ब्रिज पर लगा वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम बाढ़ से करेगा आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 12 महत्वपूर्ण पुलों पर वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम जलस्तर के पल पल की जानकारी अपडेट कर रहा है।

- कंट्रोल से जुड़ा ये सिस्टम जलस्तर का रियल टाइम सूचना दे रहा

दपूमरे के अंतर्गत स्थित महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर नदियों का जलस्तर मापने के लिए मीटर गेज के स्थान पर नई तकनीक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सेंसर युक्त इस नए उपकरण से जलस्तर की पूरी जानकारी त्वरित मिल रही है। नदी में जल का स्तर अचानक बढ़ाने की स्थिति में इस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल पर तुरंत अलर्ट मैसेज भी आएगा। जिससे समय रहते संरक्षित रेल परिचालन को भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 12 महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर यह तकनीक स्थापित किया गया है। पहले पारंपरिक गेज पद्धति से नदियों का जलस्तर पता किया जाता था । इसमें त्वरित सूचनाएं नहीं मिल पाती थीं। वाटर लेवल रीडिंग में त्रुटि की संभावना होती थी। रेलवे ट्रैक और पुल पर खतरे का आंकलन मुश्किल भरा होता था । कई बार बाढ़ का पानी ट्रैक पर आ जाता था, लेकिन इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से नदियों पर जल के स्तर की निगरानी आसान हो रही है।





### इस तरह काम करता है सिस्टम

मंडल प्रबंधक ने बताया कि नदियों के जलस्तर को मापने की पारंपरिक गेज पद्धति के स्थान पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम लगाया गया है । सेंसर युक्त यह सिस्टम ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इसमें एक चिप लगा रहता है। उसमें पुल से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक और रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर दर्ज रहते हैं । पुल पर जलस्तर बताने वाले स्केल को सेंसर सिस्टम रीड करता रहता है । जब जलस्तर खतरे के निशान से बढ़ता या घटता है तो यह मशीन स्वतः संबंधित इंजीनियरों व अधिकारियों को एसएमएस भेजता है।

## खबर संक्षेप

### यूएसए की मेरीलैंड स्टेट विवि ने राकेश खरे को दी डॉक्टरेट की उपाधि




**बिलासपुर।** यूएसए की मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) ने नगर के युवा उद्योग पति व रोटेरियन राकेश खरे को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मान किया है। उन्हें यह उपाधि दिल्ली स्थित इंडिया हेबिटेट सेंटर में 14 जुलाई 2024 को दिया गया। श्री खरे ने अपने माता पिता, परिजन और मित्रों के साथ साथ रोटरी क्लब बिलासपुर के साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विगत कोरोना काल की विभीषिका में श्री खरे के मार्गदर्शन में रोटरी क्लब द्वारा सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल को 5 ऑक्सीजन कंसंटेटर मशीनें जन हितार्थ निशुल्क दी गई ।

### संस्कृत विद्यापीठ में गुरुपूर्णिमा महोत्सव आज, शर्मा मुख्य अतिथि

**बिलासपुर।** गायत्री संस्कृत विद्यापीठ एवं उमाशाला कटनई के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। संस्था के प्राचार्य एलपी साहू ने बताया कि 20 जुलाई शनिवार को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं भागवताचार्य डा. गिरधर शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। उनके स्वागत में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त सायकल का वितरण किया जाएगा। इस दौरान विद्यापीठ परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। भोज भंडारा के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।



### महर्षि यूनिवर्सिटी मंगला में गुरु पूर्णिमा आज, महारुद्राभिषेक 22 को

**बिलासपुर।** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी मंगला में 20 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। 22 जुलाई श्रावण सोमवार के शुभ अवसर पर महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम होगा। यह रुद्राभिषेक 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा कराया जा रहा है। रुद्राभिषेक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं विश्व की शान्ति एवं समृद्धि के लिए किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा एवं रुद्राभिषेक पूजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय गारूड़िक ने बताया कि यह विश्वविद्यालय ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी के आशीर्वाद एवं ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा कुलाधिपति के संरक्षण तथा कर्नल प्रो. टीपीएस कान्द्रा कुलपति के मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर रहा।

### अघोरपीठ आश्रम सेंदरी- कोनी बांसाझाल में गुरुपूर्णिमा कल

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्व का आयोजन किया जा रहा है। उमेश नारायण ने बताया कि इस दिन सुबह अरपा से कलश में जल भरकर सामूहिक संकीर्तन जय घोष के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे से मंदिर में पूजा आराधना सफल योनि का पाठ, गरु पूजन, आरती तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद वितरण, सुबह 11 बजे विचार गोष्ठी बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर 5 गांव की माताओं को साड़ी विरतण किया जाएगा। इससे पहले सुबह आश्रम में श्रमदान किया जाएगा। इस दौरान अघोरपीठ बाबा सिद्धार्थ गौतम राम एवं समस्त अघोर गुरू के तैल चित्रों का पूजन किया जाएगा। हवन पूजन व प्रसाद वितरण का किया जाएगा।

### श्री स्पेशल केयर सेंटर के दिव्यांग बच्चों ने लिया पौधरोपण का संकल्प




**बिलासपुर।** तिलक नगर श्रीराम मंदिर के पास स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों ने पौधरोपण का संकल्प लिया। सभी बच्चों ने तिलक नगर श्री राम मंदिर के पास स्थित स्कूल सहित अन्य जगहों पर पौधरोपण किया। इसमें तुलसी, नीम के पौधे शामिल हैं। संस्था की संस्थापिका डा. सुजाता बाजपेयी ने बताया कि हर साल यहां के बच्चों द्वारा पौधरोपण किया जाता है। इन बच्चों को पौधा लगाने का महत्व बताया गया। प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि बढ़ती गर्मी व प्रदूषित वातावरण से भावी पीढ़ी के लिए कई समस्याओं एवं बीमारियों का कारण बनेगा। इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण कर इनकी सुरक्षा व देखभाल करना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में अरुणिमा राय, रश्मि तेलंग, आस्था संस्कार, अनिकेत, आकांक्षा, आकाश, शुभम, मयंक, हर्षित, अक्षत, सलमान, पूर्वी, उमैर, राजीव, रुजैना, मनीषा, पदमा, शिवकरण, आरती साहू, चंचल शर्मा, नीमा, भानेश्वर, उमेश नवरंग, आशा तिवारी, रीतु, नंदिनी, लक्ष्मीन लहरे आदि मौजूद थीं।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बिलासपुर।** उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसके लिए बैंक, लोक सेवा केन्द्र, पोस्ट आफिस में बीमा कराने की सुविध है। बीमा कम प्रीमियम से भी हो सकता है। मार्गदर्शन करने ब्लॉकवार संपर्क अधिकारी नियुक्त गया है। उद्यानिकी फसलों की पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। ऋणि और अऋणि दोनों प्रकार के किसानों को योजना के तहत बीमा आवरण दिया जाएगा। राज्य सरकार भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के सहयोग से यह महत्वपूर्ण योजना जिले में लागू की गई है। वर्तमान खरीफ मौसम में जिले को 80 हेक्टेयर रकबा का लक्ष्य मिला है। उप संचालक उद्यानिकी विभाग श्री लावत्रे ने बताया कि किसान राष्ट्रीयकृत बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल अथवा डाक विभाग से बीमा करा सकते हैं। बिलासपुर जिले के लिए टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद की फसलों का बीमा कराया जा सकता है। टमाटर के लिए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 1.20 हजार एवं किसान प्रीमियम 6 हजार, बैंगन के लिए 77 हजार एवं किसान प्रीमियम 3850 रुपए, मिर्च के लिए 90 हजार एवं किसान प्रीमियम 4500 है।

### आपत्ति लेने कांग्रेस भवन में आज बैठेगी पार्टी की समिति

# अव्यवहारिक परिसीमन का हर स्तर पर विरोध करेंगे कांग्रेसी, दर्ज कराएंगे आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार द्वारा कराए जा रहे परिसीमन का कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर शुक्रवार को कांग्रेस भवन में एक बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, सभापति शेख नजीरुद्दीन शामिल थे।

- जिन वार्डों में मतदाता संख्या असामान्य उसका विरोध

बैठक में तय किया गया कि शनिवार 20 जुलाई को कमेटी के सभी सदस्य कांग्रेस भवन में दोपहर 12.00 बजे से बैठेंगे। इसमें जिन वार्डों को विलोपित कर दिया गया है, जिन वार्डों में मतदाता संख्या असामान्य रखा गया है, जिन वार्डों के भगौलिक क्षेत्र का ध्यान नही रखा गया है, जिन वार्डों को पहले तोड़ा गया फिर उस वार्ड में अन्य वार्डों के हिस्से को जोड़ा गया ऐसे अव्यवहारिक परिसीमन के लिए आपत्ति दर्ज की जाएगी। इसके लिए वार्ड का कांग्रेस पार्षद/पार्षद प्रत्यशी या कोई भी अपना आवेदन कांग्रेस भवन में महापौर रामशरण यादव के पास जमा कर सकता है।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या समरूप हो एवं भगौलिक असमानता न हो ,इन दो प्रमुख कारणों से परिसीमन करा रही है। शहर के कई वार्डो का अस्तित्व ही नष्ट हो गया। यही नहीं जिन वार्डों में मतदाता 7 से 8 हजार थे, वहां मतदाताओं की संख्या 10 हजार से ऊपर कर दी गई है तो वार्ड 69 में मतदाता की संख्या 14 हजार से ऊपर चली गई है। श्री पांडे के मुताबिक कुल मिलाकर भाजपा नेता जिस क्षेत्र में हारते थे, वहां के मतदाताओं को परेशान करने के लिए ,उन्हें विभाजित करने के लिए यह सब किया गया है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।



परिसीमन को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस भवन में चर्चा करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### वार्डों का संतुलन बिगड़ गया होगी परेशानीः शैलेष



पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि बिलासपुर नगर निगम का परिसीमन 2019 में शासन द्वारा करवाया गया था। क्योंकि नगर निगम की नई सीमा बनी थी, जिसमें कि 18 नए निकायों को जोड़ा गया था। इसमें 15 ग्रामीण निकाय और 3 नगरी निकाय शामिल थे। साथ ही इसलिए क्योंकि नगर निगम की जनसंख्या बी श्रेणी की बनानी थी। अब एक बार परिसीमन हो चुका है तो अभी इसकी जरूरत नहीं थी क्योंकि वार्ड की जनता को फिर से सीमा विभाजन और नए पार्षद और नया वार्ड के लिए परेशानी होगी। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं और मंत्री की शह पर भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए नया परिसीमन किया जा रहा है।

### यह परिसीमन केवल भाजपा को लाभ देने : यादव

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि जिस तरह से परिसीमन किया गया है, उससे उस वार्ड के विकास को जानबूझ कर बाधित करने का षड्यंत्र है, क्योंकि कई वार्डो में दूसरा वार्ड के हिस्से को जानबूझ कर जोड़ दिया गया है। महापौर के मुताबिक पार्षद अपने वार्ड के लिए सड़क, नाली या अन्य विकास करता है जब वार्ड के बीच मे दूसरा वार्ड आ जाएगा तो वहां पर निर्माण कार्य बाधित होगा। इसके साथ ही लगातार वार्ड में परिवर्तन होने से नागरिकों को अपना एड्रेस प्रूफ देने में कठिनाई होती है। कई वार्डो में चुन-चुन कर हिस्सों को निकाला गया है।

### कौन सा हिस्सा किसमें और क्यों जोड़ा गया, समझ से परे

सभापति शेख नजीरुद्दीन ने कहा कि वार्ड नम्बर 21,22,23, 24,25 और 26 का कौन सा हिस्सा किस वार्ड में जोड़ा गया और क्यों जोड़ा गया समझ से परे है, क्योंकि न तो सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखा गया और ना ही गली, न सड़क और न ही चौकों को आधार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बेमेल परिसीमन से कई प्रकार की दिक्कतें आएंगी। बैठक में राकेश शर्मा, महेश दुबे ऋषि पांडेय, समीर अहमद, सुनील सिंह, अजय यादव, मोती ठारवानी, जावेद मेमन, पिंकी बतरा, सीमा घृटेश, शहज़ादी कुरैशी,विनोद साहू,काशी रात्रे,तजम्मुल हक, प्रवक्ता ऋषि पांडेय उपस्थित थे।

## नेहरू चौक-लालखदान के बीच सड़क होगी चकाचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सबसे व्यस्त नेहरू चौक से लालखदान के बीच सड़क जल्द ही बन सकती है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाने की सुध ली है और अब प्रस्ताव भी भेज दिया है। यह सड़क सालों से जस की तस है। कुछ जगहों पर पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाई थी, लेकिन टुकड़ों में बनी सड़क ही हालत बेहद खराब है। बताया जा रहा है कि इस बार पूरी 11 किमी सड़क एक साथ बनेगी, जिससे अतिक्रमण हटाकर अलायमेंट भी सुधारा जाएगा।

- पीडब्ल्यूडी ने प्रस्ताव भेजकर मांगी स्वीकृति

एनएच 30 पर मौजूद नेहरू चौक से लालखदान सड़क के बनाई जा सकती है, सड़क सालों पुरानी है, तिलक नगर, करोना चौक, गोलबाजार से होते हुए गांधी चौक, दयालबंद, तोरवा और लालखदान तक की सड़क करीब 11 किमी है, इस सड़क पर डामरीकरण का काम कई साल पहले किया गया था, इस दौरान शहर में सीवरेज और अमृत मिशन का काम किया गया, जिसके बाद सड़क की हालत खराब हो चुकी है। कई जगहों पर अभी सड़क खस्ताहाल है, लेकिन ट्रैफिक अधिक होने के कारण पीडब्ल्यूडी और निगम महज पेंच कर काम चला रहा है, लेकिन अब सड़क को सुधारने का बीड़ा उठाया गया है। पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए प्रस्ताव भेजकर स्वीकृति मांगी है, स्वीकृति मिलने पर दीवाली के बाद सड़क का निर्माण किया जा सकेगा।

### डबल लेन होगी सड़क

वहीं पीडब्ल्यूडी द्वारा लालखदान से मस्तूरी की सड़क भी बनाने का प्रस्ताव भेज दिया गया है, वर्तमान में सड़क 7 मीटर है, जिसे डबल लेन किया जाएगा। मौजूदा समय में इस सड़क पर लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन सड़क सिंगल लेन होने के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार शहर के तीन ओर पर फोरलेन सड़क हो चुकी है, वहीं लालखदान के बाद महज सिंगल लेन है, जिसे बढ़ाया जाना जरूरी हो चुका है।

## आरटीईः द्वितीय चरण के तहत नोडल अधिकारी नहीं ले रहे फार्म

**बिलासपुर।** शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई निःशुल्क कराई जाती है। ऐसे में योजना के तहत प्रथम चरण की भर्ती प्रक्रिया 7 जुलाई को समाप्त होने के बाद जिले के 553 निजी स्कूलों में खाली 1600 सीटों के लिए 9 जुलाई से 14 जुलाई तक द्वितीय चरण के तहत आवेदन लिया गया। अब 15 से 21 जुलाई तक नोडल अधिकारियों द्वारा इन आवेदनों की जांच करनी है। ऐसे में ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद जब एक प्रति नोडल अधिकारी के पास जमा कराने पालक पहुंच रहे हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि केवल 14 जुलाई तक ही आवेदन भरने के साथ इसकी एक प्रति जमा करनी थी, जबकि नोडल अधिकारियों को 21 जुलाई तक मिले हुए समस्त आवेदन फार्मों की जांच करानी है। इसके बाद 23 से 26 जुलाई तक लॉटरी निकालकर बच्चों को संबंधित स्कूलों का आबंटन किया जाएगा, जिसके बाद लॉटरी में नाम आने वाले बच्चे संबंधित स्कूलों में 29 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं, लेकिन अब आवेदन भरने के बाद एक प्रति को नोडल अधिकारियों के पास जमा कराने पहुंचने वाले पालकों को लौटाने से वे डीईओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

### 9 सदस्यीय समिति की होगी बैठक

इस सप्ताह आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों की समस्या दूर करने बनाए गए 9 सदस्यीय टीम की बैठक होगी। किसी भी अभिभावक को आरटीई में प्रवेश से लेकर पढ़ाई के दौरान कोई समस्या न हो इसे लेकर चर्चा कर उचित निर्देश दिया जाएगा।

- टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर

### रेलवे जीएम की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 70वीं बैठक

# हिंदी राजभाषा होने के साथ ही देश की सबसे बड़ी संपर्क भाषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 70वीं बैठक रेलवे महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा की अध्यक्षता में 19 जुलाई को हुई। प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी शिवशंकर लकड़ा ने महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति पर मदवार आंकड़े प्रस्तुत किए।

रेलवे महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा होने के साथ ही देश की सबसे बड़ी संपर्क भाषा और ज्यादतर लोगों की मातृभाषा है। भाषा केवल एक संचार माध्यम ही नहीं है, बल्कि उससे बढ़कर है। आज हिंदी की भूमिका वाणिज्य, फिल्म, कला एवं अन्य क्षेत्रों में लगातार बढ़ती जा रही है। रेल सेवा से जुड़े होने के कारण हम लगातार इसका उपयोग करने वाले लोगों के संपर्क में आते हैं। उनसे वार्तालाप और सुविधाएं उपलब्ध कराने में हिंदी भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले कामकाज की भाषा एक समान होने के कारण हमें सूचनाओं, विचारों के आदान-प्रदान में सरलता होती है ।





### हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों में कार्य में एकरूपता लाने की दृष्टि से हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है । हमारा नैतिक दायित्व है कि हम रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करें । बैठक का संचालन शिवशंकर लकड़ा ने दिया।

### इन्होंने जीता पुरस्कार

मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव-2023 में प्रधान कार्यालय की टीम द्वारा मंचित "बांयेन" नाटक को प्रेरणा पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त हुआ । केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो मुम्बई से अनुवाद प्रशिक्षण में आर. विनय, कनिष्ठ अनुवादक, प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ । मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना वर्ष 2022 के लिए सुदेश कुमार मेहर, मुख्य लोको निरीक्षक, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) कार्यालय, रायपुर मंडल की पुस्तक "सोअहम" को रेलवे बोर्ड का प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ । क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, भुसावल में आयोजित अखिल रेल हिंदी निबंध प्रतियोगिता में चंद्रहास सिंह क्षत्री, तकनीशियन - तृतीय, वैगन रिपेयर शॉप रायपुर को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

## बिजनेस प्लस

### 'श्री शिवम' की 'तोड़-फोड़' सुपर 3 डेज सेल में विशेष छूट कल तक

- श्री शिवम की तोड़फोड़ सेल 5 अगस्त तक
- उमड़ रही भीड़



**बिलासपुर।** पिछले कई वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए श्री शिवम स्टोर की तोड़-फोड़ सेल फिर एक बार धूम मचा रही है। 5 अगस्त तक चलने वाली इस 'तोड़-फोड़' सेल में 19, 20 व 21 जुलाई को तीन दिनों तक सुपर 3 डेज ऑफर के तहत विशेष छूट ग्राहकों को दी जा रही है। श्री शिवम के स्थानीय संचालक ने बताया कि इस सेल का ग्राहकों को साल भर से इंतजार रहता है। संचालक ने बताया कि महिलाओं के लिए यहां शानदार साड़ियां, सलवार-सूट, कुर्ती, डिजाइनर लहंगा, इवनिंग गॉउन आदि के साथ ही पुरुषों के लिए भी जीन्स, ट्रॉउजर, कोट-पेंट, टक्सिडो सूट से लेकर शेरवानी, कुर्ता-पायजामा जैसे ट्रेडिशनल वियर की विशाल श्रृंखला मौजूद है। श्री शिवम गारमेंट स्टोर में चल रही इस तोड़-फोड़ महासेल में ग्राहकों को सभी नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड्स की शानदार रेंज मिलेगी। जिसमें स्पाईकर, जेक एंड जोन्स, गैस, किलर, व्हाइट हैंगर, रॉकर्स, लेविस, पार्क एवेन्यू, लिनन क्लब आदि जैसे फेमस ब्रांड्स शामिल है। उन्होंने बताया कि 'तोड़-फोड़' सुपर 3 डेज सेल में स्टोर में उपलब्ध अधिकतर ब्रांड्स पर 50% या उससे भी अधिक तक के ऑफर देखने को मिलेंगे। इसके अलावा बॉय 2 गेट 2 फ्री जैसे शानदार ऑफर भी सेल में दिया जा रहा है। श्री शिवम गारमेंट स्टोर के लिए सदैव ग्राहक ही सर्वोपरि है। इसीलिए श्री शिवम प्रति वर्ष यह तोड़-फोड़ सेल आयोजित करता है, जो ग्राहकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहती है।

### डबल बैटरी लिथियम एल-5 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की डीलरशिप लांच

- सिंगल चार्ज में 200 प्लस का माइलेज देगी नई व्हीकल



**बिलासपुर।** बिलासपुर में भारत की पहला 'डबल बैटरी लिथियम' एल-5 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की डीलरशिप 16 जुलाई को लॉन्च की गई। इसमें कंपनी ने दो मॉडल अतुल मोबिली और अतुल एनर्जी लांच किए। ये दोनों मॉडल सिंगल चार्ज में 200 प्लस का माइलेज देती है।

भारत में पहली बार डबल बैटरी लिथियम तकनीक पर आधारित एल-5 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की डीलरशिप इनॉग्रेशन अतुल ऑटो लिमिटेड द्वारा लॉन्च की जा रही है, जो बिलासपुर में है। यह डीलरशिप मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की प्रथम डीलरशिप है। बिलासपुर लोकेश ऑटो की 21 वर्ष पुरानी प्रख्यात डीलरशिप है जिसके माध्यम से वर्तमान में बिलासपुर के 7500 संतुष्ट ग्राहक हैं। यही वजह है कि कपंनी ने लोकेश आटो को डीलरशिप प्रमोट की है। इस अद्वितीय डीलरशिप से ग्राहकों को नवीनतम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उत्कृष्ट सेवाएं और विक्रय उपलब्ध कराई जाएंगी। यह लॉन्च इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में नए दरवाजे खोल सकता है। लॉन्च समारोह में कंपनी के सेल्स मार्केटिंग एसआर जीएम योगेश, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के रिजनल मैनेजर अमित वर्मा, एरिया मैनेजर अभिषेक और फाइनेंस कंपनी के सदस्य मौजूद थे।

## एजुकेशन प्लस

### नाइसटेक कंप्यूटर ने वर्षगांठ पर 40 छात्रों को बांटे टी शर्ट व बैग



**बिलासपुर।** नाइसटेक कंप्यूटर ने अपना 32 वां वर्षगांठ बड़े है हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। अपने संस्थान में छात्रों के बीच केक काटकर खुशियां बांटी। इस अवसर पर उधभव सर्व सेवा समाज के अध्यक्ष, एसेल स्पोकन इंग्लिश के डायरेक्टर एवं नाइसटेक कंप्यूटर के चेयरमैन ने 40 छात्रों को टी शर्ट एवं बैग देकर सम्मानित किया। नाइसटेक कंप्यूटर से आए फ्रेंचाइजी सेंटर के साथ बैठक की। 500 जरूरतमंद लोगों को सिम्स हॉस्पिटल और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जाकर भोजन वितरण किया। नाइस टेक के डायरेक्टर ने बताया कि इस वर्ष नाइसटेक कंप्यूटर ने कुछ अलग करने के प्रयास से अन्नदान समारोह आयोजित किया। नाइसटेक कंप्यूटर जिले का मात्र ऐसा कंप्यूटर संस्थान है जो 32 वर्षों से कंप्यूटर की शिक्षा देने के साथ साथ रोजगार उपलब्ध कराने में छात्रों के दिलों में राज करता है, ऐसे ही अनोखे प्रयास से कई अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।

### शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ



**बिलासपुर।** पंजाबी कालोनी दयालबंद स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ है। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि नए सत्र में कक्षा नर्सरी से 12वीं (विज्ञान, वाणिज्य) हिन्दी माध्यम व अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय में योग्य अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की एक टीम है। संस्था से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं देश राज्य के विभिन्न प्रशासनिक पदों पर सेवारत हैं। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से मान्यता प्राप्त है। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक गणित, बायो, कॉमर्स एवं आर्टस जैसे संकाय की पढ़ाई कराई जाती है। स्कूल के छात्रों ने ओलंपियाड में इस वर्ष 6 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रोन्ज मेडल प्राप्त किया है। यहां छात्रों ने स्वदेशी मेला, व्यापार मेला में आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे फैन्सी ड्रेस, राधा-कृष्ण, मटकी फोड, गणेश पूजा, क्ले मेकिंग, सरस्वती पूजा. राखी बनाओ, विज्ञान मेला, आनन्द मेला के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां का बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं में 80% 12वीं में 88% रहा। वर्तमान में स्कूल के छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग जेईई एवं नीट में छात्र-छात्रों का चयन हुआ है।

## खबर संक्षेप

### चंद्रशेखर आजाद जयंती पर निबंध स्पर्धा कल

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा चंद्रशेखर आजाद की 118 वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर उनके जीवन पर निःशुल्क निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मंच के प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता 21 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में होगी। इसमें मिडिल एवं हाईस्कूल के विद्यार्थी शामिल होंगे। विजेताओं को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### प्रधान आरक्षकों ने पास की परीक्षा, बने एएसआई

**बिलासपुर।** विभागीय परीक्षा पास कर बिलासपुर रेंज के 8 प्रधान आरक्षक सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किए गए। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक डॉ.संजीव शुक्ला ने इस संबंध में आदेश जारी किया। दरसल 15 जून 2023 को बिलासपुर रेंज के प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए योग्यता सूची का प्रकाशन किया था, जिसमें 8 प्रधान आरक्षकों को समस्त अर्हताएं पूर्ण करने पर सहायक उप निरीक्षक बनाते हुए उन्हें नवीन पदस्थापना दी गई। इसमें बिलासपुर के प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तिवारी, अंथोनी, चिरंजीव राठौर, निलांकर सेठ मुंगेली में पदस्थ प्रेम सिंह कंवर, रायगढ़ के परमेश्वर सिंह और सक्ती के चित्रानंद चंद्रा को सहायक उप निरीक्षक बनाया गया है।

### अतिरिक्त जनरल कोच की सुविधा 16 नवंबर से

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22939/22940 ओखा-बिलासपुर-ओखा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच संरचना में संशोधन करते हुए स्थायी रूप से जनरल कोच की संख्या बढ़ाई जा रही है। गाड़ी संख्या 22939 ओखा-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में 16 नवम्बर से एवं गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-ओखा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में 18 नवम्बर से 1 अतिरिक्त जनरल कोच जोड़े जा रहे हैं।

### कार्रवाई: खाली कराई सरकारी जमीन, अवैध रूप से बनाए जा रहे थे मकान, निगम ने तोड़ा

# गोकुलधाम: बेजा कब्जा पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को घुरू स्थित गोकुलधाम की शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा हटाने कार्रवाई की गई। यहां पर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इन निर्माणाधीन मकानों को निगम की टीम द्वारा बुलडोजर की मदद से ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान वहां पर भीड़ इक्ट्ठी हो गई थी, किन्तु पुलिस बल उपस्थित होने के कारण विरोध नहीं हो सका।

घुरू स्थित गोकुलधाम की शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा बढ़ता जा रहा है। नगर निगम द्वारा यहां पर शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा कर अवैध निर्माण के मामले में 23 लोगों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन नोटिस के बाद भी लोगों ने शासकीय जमीन से बेजा कब्जा नहीं हटाया था। आज नगर निगम के भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, उप अभियंता जुगल सिंह, अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा सहित टीम पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने घुरू गोकुलधाम पहुंची। यहां पर करीब 10 नए निर्माणाधीन मकान थे और कुछ मकान बनकर तैयार हो गए थे। इन सभी मकानों को



जेसीबी मशीन की मदद से ढहा दिया गया। इसके अलावा सड़क किनारे के दो ठेलो वालों को हटवाया गया। निगम द्वारा कार्रवाई को देखते हुए वहां पर लोगों की भीड़ इक्ट्ठी हो गई थी, लेकिन मौके पर पुलिस बल उपस्थित रहने के कारण लोग कार्रवाई का विरोध नहीं कर सके। आज कार्रवाई में तोड़े गए मकानों के अलावा भी अभी करीब 15 लोगों को बेजा कब्जा हटाने नोटिस दिया गया है और उन्हें सप्ताहभर का समय दिया गया है, क्योंकि उन मकानों में लोग रह रहे हैं।

#### मिली थी 66.88 एकड़ जमीन

जोन क्रमांक एक अंतर्गत घुरू में हल्का नंबर 24 वार्ड नंबर 4 गोकुलनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 3, 18, 25, 495 एवं 496/1 रकबा क्रमशः 16.60, 20.12, 19.41, 17.60, एवं 15.50 में से क्रमशः 9.02, 16.32, 9.49, 16.55, 15.50 एकड़ कुल रकबा 66.88 एकड़ भूमि निगम को आबंटित की गई है। इस पर गोकुलनगर योजना क्षेत्रफल 36.22 एकड़ में नगर निगम द्वारा संचालित है। शेष भूमि 30.46 एकड़ कमजोर वर्ग के लिए सुरक्षित है जिसमें से कुछ हिस्से पर कतिपय लोगों द्वारा अवैध रूप से बेजा-कब्जा किया गया है।

#### कलेक्टर ने जताई थी नाराजगी

पिछले दिनों कलेक्टर अवनीश शरण गोकुलनगर के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे, इस दौरान उन्हें पता चला कि शासकीय जमीन पर संघटित रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए पूरी जमीन से कब्जा मुक्त कराने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं।

#### निगम ने की थी अधूरी कार्रवाई

गोकुल नगर में 6 महीने पहले निगम की भवन और अतिक्रमण शाखा की टीम बेजा-कब्जा हटाने की कार्रवाई करने घुरू गई थी और तोड़फोड़ की कार्रवाई का बेजा कब्जाधारियों ने विरोध करते हुए वहां काफी हंगामा मचाया था। इसके बाद निगम की टीम अधूरी कार्रवाई कर लौट आई थी।

#### की गई है कार्रवाई

निगम की टीम द्वारा आज घुरू स्थित गोकुलधाम की शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई है। यहां शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान बनाए जा रहे थे। इस मामले में 23 लोगों को नोटिस दिया गया था, जिसमें आज नए बन रहे मकानों को तोड़ा गया है।

-सुरेश शर्मा, भवन शाखा अधिकारी, नगर निगम

## अभिषेक विहार के सूने मकान में चोरी, जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिविल लाइन क्षेत्र के मंगला अभिषेक विहार में रहने वाली महिला शाम को टहलने के लिए निकली थीं। इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने आलमारी से सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए।



■ शाम के समय टहलने निकली थी महिला

पीड़ित ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। मंगला के अभिषेक विहार में रहने वाले नीरज कुमार निजी कंपनी में काम करते हैं। वे सोमवार को अपने काम से अंबिकापुर गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी सीमा चतुर्वेदी बच्चों के साथ घर पर थीं। महिला गुरुवार की शाम अपने बच्चों को लेकर टहलने के लिए निकली थीं। करीब एक घंटे बाद वे घर आईं। इस दौरान उनके कमरे में सामान बिखरा हुआ था। घर में घुसे चोरों ने आलमारी में रखे सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने का झुमका, चांदी की पायल, बिछिया और चांदी के अन्य जेवर पार कर दिया था।

महिला ने तत्काल इसकी जानकारी फोन पर अपने पति को दी। उनके पति ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस ने रेलवे के 10 क्विंटल कबाड़ से भरा पिकअप पकड़ा, ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पटरी के लोहों से भरा था वाहन, तिफरा के कबाड़ी का नाम आया सामने



रेलवे की संपत्ति पर अब चोर और कबाड़ियों की नजर पड़ चुकी है। बिना सुरक्षा यहां वहां पड़े इन लोहों को आसानी से चोरी किया जा सकता है। शहर के कबाड़ी इन लोहे के सामानों को खरीदकर बेच रहे हैं। तारबाहर पुलिस ने ऐसे ही रेलवे के लोहे से भरे एक पिकअप को जब्त किया है। ड्रायवर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने तिफरा के कबाड़ी का समान बताया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

तारबाहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अंडरब्रिज के पास एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 बी एन 6816 खडा है, जिसमें एल्यूमिनियम कबाड़ और रेलवे का कबाड़ भरा है। तत्काल थाना तारबाहर व आरपीएफ की संयुक्त टीम वहां पहुंची, घेराबंदी कर पिकअप को चेक किया, जिसमे रेल्वे का कबाड़ भरा हुआ मिला, जिसका वजन करीबन 10 क्विंटल है। इसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 80 रुपए है। पुलिस ने पोर्टर खोली चुचुहियापारा शिव मंदिर के पास रहने वाले ड्रायवर लालमन सिंह पिता अकाली सिंह 25 को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो वह किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, उसने बताया कि सामान तिफरा निवासी कबाड़ी फिरोज मेमन का है। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। वहीं आरोपी लालमन सिंह को आर.पी.एफ बिलासपुर ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।



शुक्रवार की रात 8 बजे भोजपुरी टोलप्लाजा में वाहनों की कतार।

## भर्राशाही: टोलप्लाजा के 8 में से 5 गेट बंद, 3 से आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर-बिलासपुर के बीच एनएच 130 के टोलप्लाजा में भर्राशाही हावी है। यहां दोनों ओर के लिए 16 गेट हैं, लेकिन प्लाजा में सर्विस देने वाली कंपनी महज 3 गेट पर ही टोल रोल वसूल रही है, जबकि बाकी गेट बंद रखे जाते हैं। ऐसे में यहां गाड़ियों का रेला लगा रहा है, सभी गाड़ियों को बेवजह सड़क पर 15 से 20 मिनट तक खड़ा रखा जाता है।


नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया द्वारा एनएच 130 पर बनाए गए टोलप्लाजा राहगीरों पर जबरिया मुसीबत ढा रहे हैं। बिलासपुर से रायपुर आने और जाने के दौरान 8-8 प्लाजा मिलते हैं, लेकिन जिस कंपनी को टोल वसूलने का ठेका दिया गया है, उसके पास कर्मचारियों की कमी है, जिसके चलते सभी टोलगेट पर कर्मचारी तैनात नहीं किए जा रहे हैं, कंपनी टोल वसूलने के लिए महज 3 ही गेट खोल रही है, जबकि 5 गेट बंद ही रहते हैं। ऐसे में हर आने जाने वाले वाहनों को 15 से 20 मिनट खड़े रहना पड़ता है। जिससे 800 मीटर तक लंबी लाइन लग जाती है। ट्रक-हाइवा, कार की लाइनों में हार्न बजाते लोग परेशानी का सामना करते हैं, लेकिन इस विषय में शिकायत नहीं सुनी जा रही है।

बताया जा रहा है कि कुछ महीनों पहले शहर के गणमान्य नागरिकों ने एसपी और आईजी के साथ ही चकरभाठा थाने में इसकी शिकायत की थी, उस दौरान पुलिस ने टोल ठेकेदार से बातचीत कर रास्ता निकालने की बात कही थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एक्स पर ट्वीट कर इस संबंध में जानकारी दी है।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**बिलासपुर।** नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए अधिसूचना जारी की है। इसमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ऑनलाइन आवेदन 17 जुलाई से 16 सितंबर तक चलेगा। परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। जो छात्र वर्तमान में कक्षा 5वीं में पढ़ रहे हैं, वे इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे। अभ्यर्थी का जन्म 01-05-2013 से 31-07-2015 के बीच होना चाहिए। कमांडर मुरारका ने बताया कि वेबसाइट https://navodaya.gov.in/ पर पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न के बारे में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।






## खबर संक्षेप

### बीईओ ने ली नोडल अधिकारियों शैक्षिक समन्वयकों की बैठक



**लोरमी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंशित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों का सर्वे कार्य व शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने आनलाइन एंट्री करने विकास खंड शिक्षा आधिकारी डीएस राजपूत द्वारा नोडल अधिकारियों, शैक्षिक समन्वयक की बैठक एमजेडी विद्यालय सारधा में ली गई । बीईओ डीएस राजपूत ने बताया कि असाक्षरों का सर्वे कर आनलाइन एंट्री समय सीमा के भीतर करें। विकास खंड को 9000 असाक्षरों का एंट्री करने का लक्ष्य दिया गया है जिसे शीघ्र पूरा करें। सर्वे करते समय इस बात का ध्यान रखें कि उस गांव में कोई भी असाक्षर व्यक्ति न छूटे। क्योंकि सभी ग्राम प्रभारी या प्रधान पाठकों को इस आशय का प्रमाण पत्र जमा करना होगा कि इस ग्राम पंचायत में कोई भी असाक्षर बाकी नहीं है। इसके अलावा बैठक में शिक्षा सप्ताह मनाने , शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, एफएलएन की जांच सहित कई अहम विषयों पर चर्चा हुई । इस अवसर पर विकास खंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहीरे, सहायक विकास खंड शिक्षा आधिकारी राजेंद्र निर्मलकर, सुनील शर्मा सहित सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल सेमरा में शाला प्रवेश उत्सव



**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेमरा में शाला प्रवेश उत्सव, सायकल वितरण व न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमरा की सरपंच गाजमती भानु ने नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताबें आदि प्रदान की। कक्षा नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में की सरपंच गजमती भानु, प्रिंसिपल एनके तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### विधायक मरपच्ची ने की डिप्टी सीएम साव से मुलाकात



**पेंड्रा।** विधायक प्रणव मरपच्ची के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम अरूण साव से रायपुर में मिलकर पेंड्रा नगर पंचायत, गौरेला नगर पंचायत को नगर पालिका उन्नयन हेतु ज्ञापन सौंप शीघ्र बनाने की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द उनकी मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया राठौर, जिला महामंत्री पार्षद राकेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष नपं गौरेला संदीप जायसवाल, मरवाही नपं अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर, गंगोत्री राठौर, खुल्लू राठौर, मनीष श्रीवास, विभा सिंह नहरेल, अरुण तिवारी, सचिन जैन, मोहित राजपूत, दीपक शर्मा, शरद गुप्ता, संतोष तिवारी, रमेश तिवारी, गोलू राठौर मौजूद रहे।

### फेंसिंग तलवारबाजी में रूपाली ने सिल्वर मैडल दिलाया



**तखतपुर।** न्यूजीलैण्ड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग तलवार बाजी कामनवेल्थ स्पर्धा में क्षेत्र की रूपाली साहू ने भारत को सिल्वर मेडल दिलाने पर जनपद सदस्य, साहू समाज प्रदेश युवा उपाध्यक्ष योगेश साहू ने स्वागत किया। न्यूजीलैण्ड क्राइष्ट चर्च में अंतर्राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग तलवारबाजी का आयोजन हुआ था। प्रतियोगिता में क्षेत्र की रूपाली साहू ने भाग लिया था और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में शामिल होने गई रूपाली साहू ने भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। जिससे उनके परिजनों सहित क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। जनपद सदस्य योगेश साहू ने कहा कि समाज का यह गौरव है कि क्षेत्र में पहली बार भारत को सिल्वर मेडल दिलाया है। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गांव के बच्ची ने अपने हुनर के झण्डे गाड़े है।

### अपने क्षेत्र को साक्षर करना प्रत्येक नागरिक का दायित्वः कलेक्टर

**मुंगेली।** जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षरता एवं बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिए उल्लास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों का चयन किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने कहा है कि अपने क्षेत्र को साक्षर करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है, इसलिए हर व्यक्ति को आगे बढ़कर आना चाहिए और उल्लास कार्यक्रम से जुड़कर जिले को पूर्ण रूप से साक्षर बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रामनाथ गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक पारा या मोहल्ला के 08 से 10 असाक्षरों के लिए एक साक्षरता केंद्र होगा। यह केंद्र वहां के प्राथमिक शाला, शासकीय सामुदायिक या निजी भवन में सुविधा अनुसार संचालित होगा।

## जर्जर सड़क पर गिरकर घायल हो रहे लोग

# तालाब बना फरहदा-खाम्हीकुर्मी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

एक तरफ सरकार गांव गांव में सुगम पहुंच मार्ग तैयार करने हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता के कारण सड़कों की दुर्गति हो रही है।

जरहागांव से फरहदा, खाम्हीकुर्मी पहुंच मार्ग में जगह जगह सड़क तालाब में तब्दील हो चुका है। वहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। फरहदा निवासी युवक अपनी मां को बाइक में बैठाकर जरहागांव की ओर जा रहे थे। सड़क में जगह जगह पानी भरा हुआ है। जैसे ही उन्होंने गड्ढे से पार किया अचानक फिसलकर दोनों बाइक समेत गिर गए। आसपास कोई मदद करने वाला भी नहीं था। किसी तरह मां बेटा ने बाइक को उठाया। उसके बाद जब पैर को देखा तो लहूलुहान हो चुके थे। घायल युवक ने बताया कि वर्षों से सड़क जर्जर हो चुकी है पर सड़क के गड्ढे को भरा नहीं गया है। रोजाना कोई न कोई गिरकर घायल होते रहता है। इतना ही नहीं जरा सा पानी गिरता है तो सड़क खतरनाक हो जाती है जिसके कारण बच्चे स्कूल जाने से घबराते हैं।



फरहदा-खाम्हीकुर्मी मार्ग पर भरा पानी।

**प्रपोजल भेजा गया हैः** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समय गड्ढों को भरा गया था। शासन को प्रपोजल भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।
**एएस राज, मुख्य अभियंता**, पीएमजीएसवाई, मुंगेली

### सीएम ने की थी घोषणा

ज्ञात हो कि विगत माह फरहदा में भक्त माता कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने सड़क मरम्मत कराने की घोषणा कर अधिकारियों को शीघ्र गड्ढे को भरने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी अधिकारियों ने कोई रुचि नहीं ली। अब तक गड्ढे को नहीं भरा गया है। नतीजन उस सड़क से गुजरना हर किसी के लिए मुसीबत बन चुका है। खाम्हीकुर्मी सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुर्रे ने बताया कि गांव से रोजाना रोजमर्रा के काम के लिए उस सड़क से होकर जरहागांव जाना पड़ता है, पर सड़क जर्जर होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। इस विषय की जानकारी सबंधित अधिकारियों को है पर अब तक कोई सुध लेने नहीं पहुंचा है।



बैठक लेते विभागीय अफसर।

## एटीआर में जारी किए गए वन अधिकार पट्टों की होगी जांच

**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण के रोकथाम के संबध में ग्राम महामाई में 18 जुलाई को बैठक हुई। बैठक में वन, राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त टीम की उपस्थित रही। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 447 आरएफ में जारी सभी वन अधिकार पट्टों की जांच की जाएगी।

विदित हो कि अचानकमार टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र सुरही के महामाई बीट के 447 आरएफ में जानबूझकर सामूहिक अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है। विभाग द्वारा इस हेतु लगातार गांव में बैठक लेकर अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। जेएफएमसी सदस्यों के साथ अतिक्रमण रोकथाम करने प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एसडीएम जीएल यादव, एसडीओपी माधुरी ढिरही और सहायक संचालक(कोर) संजय लूथर के नेतृत्व में ग्राम महामाई के ग्रामीणों के साथ बैठक ली गई। जिसमें ग्रामीणों को अतिक्रमण नहीं करने, वनों और वाण्यजीवों की सुरक्षा करने तथा आपस में मिलकर सहयोग से समस्याओं को सुलझाने की समझाइश दी गई।

## अचानकमार रिजर्व क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप

**मुंगेली/लोरमी।** अचानकमार क्षेत्र में मलेरिया के प्रकरण पाए जाने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने तत्काल में संज्ञान में लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और मलेरिया के पॉजिटिव मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र पैकरा ने बताया कि डिप्टी सीएम के निर्देशानुसार व कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में ग्राम अचानकमार, तिलैईडबरा, छपरवा, सारसडोल में मलेरिया जांच सह स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां सकारात्मक पाए गए मरीजों को तुरंत एंटीमलेरियल ड्रग दिया गया। उसके साथ-साथ लार्वल सोर्स रिडक्शन किया गया। भ्रमण किए गए सभी घरों में गमले, टंकी, पुराने बर्तन, अन्य पानी एकत्रित करने वाले पात्र में लार्वा मिला, जिसे तुरंत नष्ट किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में मलेरिया, डायरिया और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में कार्य कर रही है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच, जरूरी दवाइयों का वितरण, आवश्यक परामर्श और बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।



मलेरिया की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

### डायरिया से पीड़ितों को देखने पहुंचे एसडीएम, किया गांव का निरीक्षण



**बेलतरा।** ग्राम पंचायत नेवसा में कुछ दिनों से पानी टंकी से गंदा पानी आ रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर सरपंच के द्वारा विभागीय अधिकारियों को सूचित किया गया। जानकारी के बाद भी समस्या का हल नहीं निकला और नेवसा में डायरिया का प्रकोप शुरू हो गया। जिस पर 19 जुलाई को बिलासपुर एसडीएम निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने पंचायत सचिव को महादेव के पास लगे पानी टंकी को तत्काल डिस्कनेक्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां-जहां पाइप लाइन टूटी है बदलने को कहा। उसके बाद ही पानी की सप्लाई शुरू होगी। ग्रामीणों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## तालाबों की नगरी रतनपुर में पानी के लिए तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

- दूर-दूर से पानी ला रहे नगर पालिका अध्यक्ष के मोहल्लेवासी

धार्मिक नगरी रतनपुर में विगत 6 महीने से नगर पालिका अध्यक्ष के मोहल्लेवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। लोगों को रोज सुबह दूर-दूर से पानी लेने जाना पड़ रहा है। वार्ड के लोग कई बार नगर पालिका अध्यक्ष व अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। मगर उनको यह समस्या नजर नहीं आती। नगर पालिका अध्यक्ष जहां निवास करते हैं उसी मोहल्ले के लोग ही दूर से पानी लेने रोज जाते हैं।

वार्ड में लोग 6 महीने से बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। वह भी तब जब रतनपुर को कभी तालाबों की नगरी होने का दर्जा हासिल है। विडंबना यह है कि गर्मी बीतने के बाद बरसात के मौसम में भी जल संकट दूर नहीं हो सका है। एक तरफ तो रतनपुर के जिन वार्डों में पानी सप्लाई की जा रही है वहां डायरिया का प्रकोप है तो दूसरे कई वार्ड में पानी ही नहीं है। पिछले दिनों से यहां वार्डों में डायरिया का प्रकोप है। तो वहीं नगर पालिका अध्यक्ष के मोहल्ले के लोग ऑटो से पानी लाते हैं। विडंबना यह है कि बरसात के मौसम में भी हालत नहीं बदले।



पानी भरने के लिए लगी भीड़।

### रटगा उचित मूल्य की दुकान का आवंटन निलंबित

**भर्रीडांड़।** अनियमितता पाए जाने पर रटगा शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन निलंबित कर दिया गया है। इसका संचालन मां महामाया महिला समूह द्वारा किया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शित खाद्यान में और भौतिक सत्यापन में खाद्यान्न समाग्री का व्यपवर्तन किया जाना प्रतीत होने पर आबंटन निलंबित किया गया है। दूसरी ओर उचित मूल्य दुकान पथर्री, चचेड़ी का आबंटन रिक्त होने पर दोनों दुकानों के संचालन हेतु लेम्प्स, ग्राम पंचायत, महिला समूह, लघु वनोपज समिति व अन्य सहकारी सेवा समिति को आबंटित किया जाना है। इच्छुक एजेंसी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में समस्त दस्तावेजों के साथ 2 अगस्त तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी मरवाही में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एम्प्लाइस वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** पुरानी पेंशन का लाभ देने और पदोन्नति में आरक्षण को बहाल करने सहित सात मांगों को लेकर गर्वमेंट एम्प्लाइस वेलफेयर एसोशिएन ने मुख्यमंत्री के नाम से एसडीएम और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष अनुज नवरंग ने बताया कि वरिष्ठता के साथ पदोन्नति में आरक्षण बहाल कर अनुसूचित जाति, जनजाति संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने विधानसभा में संविधान संशोधन समिति भारत सरकार को भेजे जाने, एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन का लाभ देने शासकीय सेवा की शर्तें 30 वर्ष घटाकर 5 वर्ष किया जाए। अनुसूचित क्षेत्र बस्तर एवं सरगुजा संभाग में स्थानीय भर्ती में आरक्षण को बहाल करने, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों पर कार्रवाई, मध्यप्रदेश के भांति समयमान वेतनमान क्रमोन्नति देने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अनुज नवरंग, राजकुमार बंजारे, स्नेहलता खाण्डे, मनमोहन अनंत, शिव प्रसाद ध्रुर्वे, बसंत जांगड़े, कृष्ण कुमार नवरंग, संदीप अनंत ने ज्ञापन सौंपा है।

### इग्नाइट स्कूल में बच्चों ने चुना अपना प्रधानमंत्री



**पथरिया।** नगर स्थित शासकीय इग्नाइट प्राथमिक शाला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें 5वीं की छात्रा यूसी निषाद प्रधानमंत्री चुनी गई। प्रधानमंत्री यूसी निषाद ने अपने कैबिनेट के गठन के लिए बाल सांसदों में से 5 को अलग अलग मंत्रालय वितरित किए। जिनमें शिक्षा मंत्री आराध्या, खेल, संस्कृति और खाद्य मंत्री सुभाष को बनाया गया। स्वास्थ्य व स्वच्छता मंत्री साहिल, कृषि व पर्यावरण मंत्री रेशमा, प्रियांशु को रक्षा मंत्री बनाया गया। प्रधानमंत्री व कैबिनेट को प्रधान पाठक गुनाराम निर्मलकर ने अनुशासन व शाला नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए नियमित शिक्षा ग्रहण करने और विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रभारी केशनी गोविल, शाला इवेंट प्रभारी जशविन्दर कौर भट्टी ने बच्चों को उनके अधिकार और दायित्यों को समझाते हुए जिम्मेदारी सौंपा। निर्वाचन पूर्ण कराने शिक्षक जसविंदर कौर, केशनी गोविल, अशोक सोनवानी, विनय उपाध्यक्ष, विनोद साहू को पीठासीन व अन्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था।

### शिशु संरक्षण माह का आयोजन 23 अगस्त तक



**मुंगेली।** जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 23 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के 76 हजार 866 बच्चों को विटामिन ए तथा 81 हजार 387 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा व सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने पोषण पुनर्वास केन्द्र मुंगेली में बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए तथा 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप निर्धारित मात्रा में पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि इस दौरान बच्चों का वजन लेकर ग्रोथ मॉनिटरिंग चार्ट से अति गंभीर बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। साथ ही संक्रमण का खतरा होने पर उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती भी किया जाएगा।

### भारत विकास परिषद के सदस्यों ने किया दायित्व ग्रहण



**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद की इकाई गौरेला, पेंड्रा का दायित्व ग्रहण समारोह अंजनी वाटिका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति एयू बिलासपुर प्रो. एडीएन बाजपेयी, विशिष्ट अतिथि प्रो व्योमकेश त्रिपाठी, पूर्व कुलपति उत्कल संस्कृति यूनिवर्सिटी, भारत विकास परिषद संयुक्त महासचिव पूर्णेन्दु भट्ट, प्रान्त अध्यक्ष बृजेश तिवारी, संजय द्विवेदी व सचिव योगेश मुदलियार उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्णेन्दु भट्ट के द्वारा भारत विकास परिषद एवं संगठन के संदर्भ में विस्तार से वक्तव्य दिया गया। प्रांत अध्यक्ष ने सभी को दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बाजपाई ने भारत के विकास में परिषद के योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. बी. त्रिपाठी ने समाज के हित के छोटे छोटे कार्य करने की बात अपने वक्तव्य में में प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रपन्नाचार्य महाराज, तीर्थ बड़गैया, अर्चना पोर्ते, प्रकाश नामदेव, नीरज जैन, भूपेंद्र राठौर, राम जी श्रीवास, शंकर कंवर, सुषमा कुमार, कविता थदलानी, सविता गुप्ता, सन्नी अगवानी, मनीष गहलोत, पीयूष अग्रवाल, सतीश ठकरिया, अरुण पाठक, अशोक जैन आदि मौजूद थे। आभार बाबूलाल पांडे ने ज्ञापित किया।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी

# 18 मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय 22 व 23 जुलाई को दो दिवसीय धरना प्रदर्शन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की जानकारी दी गई।

एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाते हुए एनएचएम व एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रदान किया गया था। जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि अब तक अप्राप्त है। जिससे विवश होकर एनएचएम, एड्स नियंत्रण संविदा कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को आंदोलन के तैयारी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुंगेली के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है। उक्त कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ेगा। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष अमित कुमार दुबे, जिला अध्यक्ष अस्पताल लव सिंह ठाकुर, मनीष गुप्ता, शैलेन्द्र पाण्डेय, निमिष मिश्रा, कल्याणी पटेल, डॉ. शशांक उपाध्याय, उदयभानू सिंह बंजारे, डॉ. सोनाली मेश्राम, मीनाक्षी बंजारे, सुरभि केशरवानी, पवन निर्मलकर, देवी प्रसाद साहू, उत्तम धुरी, गोविंद साहू, राकेश वैष्णव, संदीप सिंह राजपूत, आकांक्षा पात्रे, लिलक राम मरकाम, विनोद देवांगन, बलराम साकत, सुमित जायसवाल, योगेश, विनोद, कमलेश सहित एनएचएम कर्मचारी उपस्थित थे।



सीएमएचओ को ज्ञापन देते संविदाकर्मी।

### जिपं सीईओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



**मुंगेली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। सीईओ ने 15वें वित्त से संबंधित कार्यों की जानकारी ली तथा कार्यों को समय पर पूर्ण नही करने एवं लापरवाही बरतने के कारण उपअभियंता सोनल जैन एवं उपअभियंता सरोज मिरे के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शीघ्र प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई, जनपद पंचायत मुंगेली राजीव तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।